हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 24 मार्च 2025



# यह कैसी ट्रेनिंगः परीक्षा के दौर में कड़ी धूप में लगी क्लास, 24 से पहले भुगतान के निर्देश

## दर्जनों स्कूल में ट्रेनिंग भी नहीं दी गई, कुछ ने वापस लौटा दी योजना की पांच हजार राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

केंद्र की रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा ट्रेनिंग की फिर से शुरूआत हो गई है। सभी सरकारी स्कूलों में यह ट्रेनिंग दी जानी है। जिसके लिए प्रदेश स्तर से ही ट्रेनरों की सूची जिलेवार भेज दी गई है।

मजेदार बात यह है कि पिछले साल इस योजना को लेकर उठे सवालों के बाद भी इस बार कोई गंभीरता नहीं दिखाई गई। आलम यह है कि राजनांदगांव जिले में कई ब्लैक लिस्टेड ट्रेनरों की सूची भेज दी गई थी। हालांकि जिला शिक्षा विभाग ने सूची को वापस शासन को भेजकर मार्गदर्शन मांग लिया है। वहीं खैरागढ़ जिले में 24 मार्च से पहले भुगतान करने के निर्देश भी शिक्षा विभाग द्वारा जारी किए गए हैं। इधर नवगठित जिलों में भी इस योजना को लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही है। इस योजना के तहत कम से कम 30 दिन की ट्रेनिंग होनी है, परन्तु मार्च महीने में परीक्षा के बीच ऐसा हो पाना असंभव है।

वहीं जिन स्कूलों में ट्रेनिंग हो भी रही है, वहां पर 38 डिग्री की तेज धूप में छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए जा रहे हैं। अधिकांश स्कूलों में ना ही शेड है ना ही अन्य कोई व्यवस्था इसको लेकर की जा रही है। उल्लेखनीय है कि रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के तहत सरकारी स्कूलों में छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाया जाना है। इस प्रशिक्षण में छात्राओं को अपनी सुरक्षा के बारे में बताया जाता है।

### इस तरह की ट्रेनिंग

इस प्रशिक्षण में छात्राओं को कराटे, जूडो, ताइक्वांडो, किक बॉक्सिंग, मार्शल आर्ट जैसी कलाओं में प्रशिक्षण दिया जाता है। इस प्रशिक्षण के लिए राज्य और राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षक लगाए जाते हैं, जिनके द्वारा छात्राओं को विपरीत परिस्थितियों का सामना करने की कला सिखाई जाती है। इस प्रशिक्षण से छात्राओं को ईव टीजिंग जैसी समस्याओं से निपटने में मदद मिलती है।

### भुगतान के लिए आदेश

केसीजी जिले में जिला शिक्षा विभाग ने सभी सरकारी स्कूलों को आदेश जारी कर इस योजना के तहत ट्रेनिंग देने वाले ट्रेनर को भुगतान करने के निर्देश दिए हैं। इस योजना के तहत हर स्कूल को पांच हजार रुपए भेजे गए हैं। 15 मार्च तक ट्रेनिंग पूरी होने के बाद अब स्कूलों को पीएफएमएस के तहत अनिवार्य रूप से भुगतान करने कहा है।



### आधे दिन की भी ट्रेनिंग नहीं

केसीजी जिले में अधिकांश स्कूलों से यह शिकायत सामने आई है कि वहां इस योजना को लेकर औसतन 7 से 10 दिन की ही ट्रेनिंग दी गई है। जबकि विभाग द्वारा उन पर मौखिक रूप से पूरा भुगतान किए जाने का दबाव बनाया जा रहा है। ज्ञात हो कि पिछले साल भी आधी-अधूरी ट्रेनिंग देकर पूरा भुगतान कर दिया गया था। ज्ञात हो कि हर स्कूल को पांच हजार रुपए इस योजना के तहत दिया जाता है। केसीजी जिले में लगभग पांच लाख रुपए का फंड आया है।

# प्लास्टिक बोरी में रखी थी 24 पौवा शराब, गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने ग्राम मटिया में घेराबंदी कर अवैध शराब बिक्री करने के मामले में आरोपी को पकड़ा। जिससे 24 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद कर कार्रवाई किया गया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत 23 मार्च को थाना डोंगरगांव पुलिस मुखबीर से सूचना के आधार पर थाना डोंगरगांव में पुलिस टीम मुखबीर के बताए स्थान पर घेराबंदी कर रेड़ कार्रवाई किया। इस दौरान आरोपी द्वारा अपराध धारा-34(1) (ख) आबकारी एक्ट के तहत अपराध घटित करने से आरोपी देवेंन्द्र कुमार निषाद 38 साल खुज्जी के पास एक प्लास्टिक के सफेद रंग की बोरी में 24 पौवा देशी प्लेन शराब शोले ब्रांड कीमती 2160 रुपए एवं बिक्री रकम 240 रुपए कुल जुमला रकम 2400 रुपए को जब्त किया गया है एवं आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

## जिन्हें पढ़ना नहीं आता उन्हें लिखने दिए गए प्रश्न पत्र!

# साक्षरता परीक्षा की हकीकत..बुजुर्गों की जगह बच्चों ने हल किए प्रश्न, शिक्षकों ने भी की मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

उल्लास नवभारत कार्यक्रम के तहत रविवार को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन किया गया। यह परीक्षा महज खानापूर्ति नजर आई। बुनियादी साक्षरता के लिए आयोजित यह परीक्षा केवल औपचारिक दिखाई दी। इस परीक्षा में वर्षों से अपनी पढ़ाई छोड़ चुके परीक्षार्थियों की जगह शिक्षक और स्कूली बच्चों ने ही प्रश्न हल किए। परीक्षा में टारगेट पूरा करने बुजुर्गों को बुला लिया गया और उनके सामने प्रश्न पत्र रख दिए गए। जिसको लेकर बुजुर्गों में नाराजगी भी नजर आई।

इस परीक्षा में ऐसे लोगों को भी शामिल किया गया था, जिन्होंने कभी स्कूल में शिक्षा अध्ययन ही नहीं किया है। वह अपना नाम तक नहीं लिखना जानते हैं, ऐसे में उनके सामने अक्षर पर घेरा लगाओ, जोड़ी मिलाओ, सही-गलत, वाक्य बनाओ, वाक्य पूरा करो, खाली स्थान भरो, चित्र देखकर शब्द से जोड़ों, रुपए-पैसे का जोड़, घड़ी में टाइम की जानकारी जैसे प्रश्न रख दिए गए। उन्हें पढ़ना ही नहीं आया तो फिर इन प्रश्नों को हल करने का सवाल ही नहीं उठता है। परीक्षार्थियों को अपनी सुविधानुसार निर्धारित समय के भीतर परीक्षा में सम्मिलित होना था। उन्हें प्रश्न पत्र हल करने के लिए 3 घंटे का समय दिया गया, लेकिन सवाल हल करने में असमर्थ बुजुर्ग परीक्षार्थी 10-15 मिनट में ही वापस चले गए।



### परीक्षा महाभियान

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान नई दिल्ली द्वारा यह राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा महाभियान का आयोजन किया गया था।

**31 से अधिक का पंजीयन :** राजनांदगांव जिले में इस परीक्षा के लिए 31 हजार 943 परीक्षार्थियों का पंजीयन किया गया था। वहीं इस परीक्षा के लिए 717 परीक्षा केन्द्र बनाए थे। जिले में कुल 28 हजार परीक्षार्थियो ने परीक्षा दी। इस परीक्षा में सफल होने वाले परीक्षार्थियों को राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय एनआईओएस तथा राष्ट्रीय साक्षरता मिशन प्राधिकरण एनआईएलपी से प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

### तीन भाग में प्रश्न पत्र

प्रश्न पत्र में पहले भाग में पढ़कर चिन्हित कराना, जैसे अक्षर पर गोला लगाओ, जोड़ी मिलाओ। दूसरे भाग में लिखना जिसमें प्रश्न के उत्तर सही गलत लिखना, वाक्य बनाने, वाक्य पूरा करने, खाली स्थान भरने दिए गए थे। वहीं तीसरे भाग में गणित के प्रश्न शामिल किए गए थे। यह प्रश्न पत्र 50 अंकों का था।

### बिना पढ़े ही पहुंचे

इस परीक्षा महाभियान के तहत परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों को मोहल्ला साक्षरता केंद्र में पढ़ाया जाना था, लेकिन यहां भी खानापूर्ति की गई, जब यह बुजुर्ग परीक्षा केंद्र पहुंचे, तब उन्होंने बताया कि उन्हें कुछ भी नहीं पढ़ाया गया है। सीधे परीक्षा के लिए ले आए हैं।

### शिक्षकों ने हल कराया प्रश्न

इस परीक्षा अभियान में टारगेट पूरा करने के लिए बुजुर्गों को बुला लिया गया। परीक्षा में ऐसे बुजुर्ग भी शामिल हुए, जिन्हें पेन पकड़ना भी नहीं आता है। ऐसे में स्वयं शिक्षकों ने बुजुर्गों का हाथ पकड़कर जोड़ी मिलवाया और गोला लगाने के प्रश्नों को हल कराया।

### बच्चों ने बनाया पर्चा

परीक्षा केंद्र में पहुंचकर प्रश्न हल नहीं कर पाने वालों के प्रश्न पत्र स्कूली बच्चों ने हल किए। इसके लिए पहले ही परीक्षा केन्द्रों में दर्जनभर से अधिक बच्चों को बुलाकर रखा गया था। यह बच्चे प्रश्न पत्र को हल करते नजर आए। हैंडराइटिंग एक जैसी ना हो, इसलिए अलग-अलग बच्चों से प्रश्न पत्र हल करवाए गए।

### जिन्हें अक्षर का ज्ञान नहीं उन्हें दिया गया प्रश्न पत्र

शहर के चिखली स्कूल में परीक्षा दिलाने पहुंची भानुबाई ने कहा कि उन्होंने कभी स्कूल का मुंह नहीं देखा है। उन्हें लिखना-पढ़ना भी नहीं आता है, यहां क्यों बुलाया गया, वह नहीं जानती है। उन्होंने कहा कि बुलाए हैं तो वह आ गई है। वह ठीक से अपनी उम्र भी नहीं बता पा रही है। उनका कहना है कि वह 70 में 2 वर्ष कम आयु की है। वहीं संतोषीबाई ने बताया कि उन्हें यहां बुलाया गया तो वह आ गई है, लेकिन उन्हें कुछ समझ नहीं आ रहा है, क्या लिखा है यह उन्हें पढ़ना नहीं आता है। वह पढ़ना-लिखना नहीं जानती हैं और कभी स्कूल भी नहीं गई है।

# इंटरनेशनल साइबर ठग पुणे से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

इंटरनेशनल साइबर ठग को पुलिस ने गिरफ्तार कर 2 नग मोबाइल सेट, 2 नग एटीएम कार्ड्स व 8 नग सिम कार्ड जब्त किया गया है। पूर्व में भी इंटरनेशनल गिरोह के 4 सदस्यों को गिरफ्तार किया जा चुका है। गिरोह द्वारा पूरे भारत देश की विभिन्न राज्यों के लोगों से करीब 10 करोड़ रुपए की ठगी की गई है।

पुलिस के अनुसार 23 जनवरी को प्रार्थी रूपेश साहू संचालक च्वाईस सेंटर स्टेशन रोड निवासी लखोली ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके बैंक ऑफ बड़ोदा स्थित बैंक खाता में 22 दिसंबर 24 को राजनांदगांव निवासी आशुतोष शर्मा द्वारा धोखाधड़ीपूर्वक कहीं से ठगी गई रकम कुल 90000 रुपए को मंगाने से प्रार्थी का उक्त बैंक खाता फ्रीज हो गया है। प्रार्थी की सूचना पर आरोपी आशुतोष शर्मा के विरूद्ध अपराध धारा 318(4) बीएनएस, 66(सी) आईटी एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। वर्तमान में बढ़ रहे साइबर अपराधों में म्यूल बैंक एकाउंट के उपयोग को देखते हुए कड़ी कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रामेन्द्र सिंह एवं प्रभारी साइबर सेल निरीक्षक विनय कुमार पम्मार के नेतृत्व में संयुक्त टीम गठित कर आरोपियों की पतातलाश करने हेतु टीम गठित किया गया।

### खास बातें

- विभिन्न राज्यों के लोगों से लगभग 10 करोड़ रूपए की ठगी
- मोबाइल जब्त



### पुलिस ने की कार्रवाई

गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपना जुर्म स्वीकार किया। मौके पर आरोपी के कब्जे से ठगी करने में प्रयुक्त 2 नग मोबाइल सेट, 2 नग एटीएम कार्ड्स व 8 नग सिमकार्ड को विधिवत जब्त किया गया। आरोपी अलकेश को 21 मार्च को गिरफ्तार कर शिवाजी नगर पुणे स्थित माननीय न्यायालय से ट्रांजिट रिमांड प्राप्त कर आरोपी को थाना कोतवाली लाया गया है, जिसे आज न्यायालय न्यायिक रिमांड हेतु पेश किया गया।

### 4 पर पूर्व में कार्रवाई

पुलिस टीम द्वारा सर्वप्रथम आरोपी आशुतोष शर्मा से कड़ाई से पूछताछ की गई। आशुतोष शर्मा के मेमोरंडम के आधार पर मामले में 3 आरोपी श्रेणिक कुमार सांघवी 24 साल, आरोपी शुभम तिवारी 26 वर्ष, दीपक नरेडी 27 साल एवं रोहित महेश कुमार वीरवानी 32 वर्ष को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध पृथक से धारा 319, 317 (4), 112, 61 बीएनएस व धारा 66 (सी) आईटी एक्ट जोड़ी गई है। उक्त चारों आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

### एयरपोर्ट में पकड़ाया

गिरफ्तार आरोपी श्रेणिक व रोहित वीरवानी के मेमोरंडम कथन एवं साक्ष्यों के आधार पर कम्बोडिया देश स्थित स्कैम (ठगी) सेंटर में जाकर ठग गिरोह के साथ सक्रिय रहकर ठगी हेतु विभिन्न बैंक खाता कीट व रजिस्टर्ड सिम कार्ड प्रोवाइड कराने, ठगी करने में गिरोह की सहायता करने एवं उन्हीं भारतीय रकम से क्रिप्टोकरेंसी-यूएसडीटी खरीदकर वापस कम्बोडिया साइबर ठगों को पहुंचाने में मदद करने का काम करने वाले आरोपी अल्केश कुमार प्रेमजी भाई मांगे निवासी डुंगरी वल्साड़ गुजरात जो कंबोडिया से वापस बैंकॉक होते हुए पुणे एयरपोर्ट आने की सूचना पर राजनांदगांव साइबर टीम द्वारा 20 मार्च को पुलिस थाना विमानतल पुणे शहर क्षेत्र में जाकर हिरासत में लिया गया।

# तेज रफ्तार हाईवे ने स्कूटी सवार शिक्षिका को मारी ठोकर, मौके पर मौत, एक घायल

## हाईवे में रौंदकर फरार हो गया वाहन, साथ बैठी भृत्य की स्थिति नाजुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

शनिवार शाम स्कूल की छुट्टी के बाद घर लौट रहे मोहला विकासखंड के शेरपार हाईस्कूल में पदस्थ गणित विषय की व्याख्याता महिला शिक्षिका की सड़क हादसे में घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। वहीं पीछे साथ बैठी महिला भृत्य की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

उल्लेखनीय है कि मोहला-मानपुर तथा बालोद जिला के दल्लीराजहरा सीमा पर स्थित ग्राम शेरपार हाईस्कूल में पदस्थ शिक्षिका बरखा वासनिक 35 वर्ष तथा स्कूल में पदस्थ भृत्य मथुरा मंडावी स्कूल की छुट्टी के बाद शनिवार शाम 4.30 बजे के बीच नेशनल हाईवे 930 से वापस दल्लीराजहरा की ओर जा रहे थे। इसी दरमियान किसी अज्ञात भारी वाहन ने ग्राम हितकसा के पास दोनों स्कूटी सवार महिलाओं को रौंद डाला। दर्दनाक हादसे में व्याख्याता बरखा वासनिक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं भृत्य मथुरा मंडावी को गंभीर चोंट आई, जिसे संजीवनी 108 के माध्यम से राहगीरों ने तत्काल शासकीय अस्पताल चिखलाकसा पहुंचाया। इसके पश्चात मथुरा मंडावी की स्थिति नाजुक होने पर उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव रिफर किया गया, जहां से मेकाहारा रायपुर इलाज के लिए पहुंचाया गया है। शा.उ.मा. विद्यालय शेरपार की व्याख्याता बरखा वासनिक की सड़क दुर्घटना में आकस्मिक निधन होने की खबर से मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में पदस्थ शिक्षक-शिक्षिकाओं के बीच शोक की लहर है।



### मायके में रहती थी मृतक शिक्षिका

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतिका बरखा वासनिक दुर्ग अपने मायके में रहती थी। उनके दो बच्चे हैं। 7 वर्ष की बेटी तथा 6 वर्ष का बेटा। मृतिका के पति बिजली विभाग में कार्यरत हैं, जिनसे पारिवारिक विवाद होने के कारण शिक्षिका अपने मायके शंकर नगर दुर्ग में अपने दोनों बच्चों के साथ रहती थी। वहीं घायल मथुरा मंडावी 45 वर्ष ग्राम परसोदा बालोद की निवासी हैं। दोनों स्कूल की छुट्टी होने के पश्चात स्कूटी से दल्लीराजहरा की ओर आ रहे थे, तभी अज्ञात वाहन की टक्कर से हितकसा गांव के पास दुर्घटना घटी। दुर्घटना करने वाला वाहन मौके से फरार हो गया है।

0 राजनांदगांव। शहर में इन दिनों मच्छर काफी बढ़ गए हैं। जिससे डेंगू, मलेरिया फैलने का अंदेशा भी बना हुआ है। इसके बावजूद नगर निगम का स्वास्थ्य अमला इस ओर गंभीर दिखाई नहीं दे रहा है।

### माय एंगल




# चाकू लहराकर लोगों को डरा रहा आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** चाकू लहराकर आम लोगों को डराने-धमकाने के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट की कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 23 मार्च को चिखली शासकीय प्रेस के पीछे रोड़ पर धारदार चाकू लहराकर आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमका रहे आरोपी सूरज वाहने 27 साल चिखली झोपड़पट्टी शासकीय गर्वेमेंट प्रेस के पीछे चौकी चिखली को तत्काल पकड़कर आरोपी के कब्जे से एक धारदार लोहे का चाकू जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया।




### गाली-गलौज कर रहा आरोपी पकड़ाया

इसी प्रकार गठुला रोड शराब भट्टी के पास शांतिभंग करने के उद्देश्य से आने-जाने वाले लोगों को गाली-गलौज व वाद-विवाद कर रहा अनावेदक विशाल उत्कल 34 साल साकिन चिखली के विरूद्ध धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर मान.न्यायालय राजनांदगांव में पेश किया गया।

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
न्यूरोलॉजी विभाग
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)
- सिर दर्द (माईग्रेन)
- मिर्गी
- लकवा
- ब्रेन ट्यूमर
- ब्रेन हेमरेज
- साइटिका (कमर दर्द)
हृदय रोग विभाग
Dr. Zahid Khan
MBBS, MD, DM Cardiologist
- एंजियोग्राफी
- एंजियोप्लास्टी
- पेसमेकर
24x7 DM कार्डियोलॉजिस्ट उपलब्ध
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

JOHN DEERE
ज़िंदगी का बेस्ट डिसिज़न!
आवश्यकता है
जैन मोटर्स अधिकृत विक्रेता जॉन डियर इंडिया प्राईवेट लिमिटेड को केवल राजनांदगांव के लिए निम्न पद हेतु अनुभवी व्यक्तियों की आवश्यकता है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | सेल्समेन | 5 पद |
| 2. | टेली कॉलर | 2 पद |
| 3. | कम्प्यूटर आपरेटर | 2 पद |
| 4. | ड्राइवर | 1 पद |

संपर्क स्थल : जैन मोटर्स
रायपुर नाका के पास, भारत साइकिल स्टोर के बगल में, जी. ई. रोड, राजनांदगांव.
संपर्क - 9977184777, 9827953976, 9406347697

## खबर संक्षेप

### पदमावतीपुर में मनाया बलिदान दिवस



**सड़क अतरिया।** ग्राम पद्मावतीपुर में बीते दिनों वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी का बलिदान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य निर्मला विजय वर्मा शामिल हुई। इस मौके पर श्री वर्मा ने इस बात पर गर्व जताया कि लोधी समाज की बेटी ने देश की लड़ाई में अपने प्राण की आहुति दिया। कार्यक्रम में समाज के लोग एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### महाविद्यालय में मनाया गौरैया दिवस



**जालबांधा।** नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन और सहायक प्राध्यापक संजय देवांगन के निर्देशन में विश्व गौरैया दिवस मनाया गया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ गुप्ता ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य गौरैया के महत्व और उनकी संख्या में हो रही कमी के बारे में जागरूकता फैलाना है। घरेलू गौरैया और अन्य सामान्य पक्षियों की घटती आबादी को संरक्षण देना आवश्यक है। सहायक प्राध्यापक संजय देवांगन ने कहा गौरैया को अक्सर उम्मीद और लचीलेपन का प्रतीक माना जाता है। कई चुनौतियों का सामना करने के बावजूद यह पक्षी दुनिया के कई हिस्सों में पनपता है। गौरैया को बचाने के लिए हमें जागरूक रहना चाहिए। कार्यक्रम में समस्त प्राध्यापक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### पार्षद निधि से बोर खनन, लोगों को मिलेगी राहत



**गंडई पंडरिया।** गंडई के वार्ड 15 में पार्षद निधि से बोर खनन कराया गया है। पार्षद दिलीप ओगरे ने बताया कि रामपारा में पानी की किल्लत होने पर वार्डवासी बोर खनन की मांग कर रहे थे। लोगों की मांग और जरूरत पर बोर खनन कराया गया है। बोर खनन होने से वार्डवासियों को राहत मिलेगी। गंडई क्षेत्र में धान की दोहरी फसल लेने से नदी, कुआं और बोर सूखने लगे हैं, जिससे पानी की किल्लत बढ़ रही है। आम जन को निस्तारी सहित पीने के पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस बोर खनन से वार्ड 15 के निवासियों को पानी की समस्या से राहत मिलेगी। पार्षद दिलीप ओगरे ने बताया कि वह वार्डवासियों की समस्याओं को दूर करने हमेशा तत्पर रहते हैं।

### झांकी में परेवाडीह मंडली विजेता



**जेवरतला रोड।** जय मां लक्ष्मी युवा फाग उत्सव समिति एवं ग्रामवासियों ने एक दिवसीय फाग गायन एवं झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता के झांकी पक्ष प्रथम परेवाडीह, द्वितीय हनोदा, तृतीय जेवरतला, चतुर्थ झीका, पंचम स्थान देवादा ने प्राप्त किया। रचना पक्ष में प्रथम साजा, द्वितीय गंजपारा दुर्ग, तृतीय आडमागोदी, चतुर्थ बम्हनी, पंचम स्थान दियाबत्ती ने हासिल किया। समापन के मौके पर अतिथि मंडल भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, किशोरी साहू, प्रभा नायक, कांति सोनबरसा, टुमन साहू, दुलारी देवांगन, रितु साहू, विवेक वैष्णव, सुरेश सार्वा, उत्तमचंद साहू, गेंदलाल देवांगन, पुरुषोत्तम उर्वशा, बुधरु यादव, बीरेंद्र यादव थे। आयोजन में समिति संरक्षक सुंदर कौशिक, अध्यक्ष मनीष साहू, पिलेश कौशिक, प्रताप मानिकपुरी, राकेश ठाकुर, राजेश भुआर्य, चंद्रशेखर उर्वशा, धर्मेंद्र सुधाकर, कोमल भुआर्य की विशेष भूमिका रही। निर्णायक ठगेंद्र सेन, चोवा नेताम, उद्घोषक नरेश सोनवान थे।

### नपं अध्यक्ष ने पूजा-अर्चना कर संभाला पदभार



**डोंगरगढ़।** नगर पंचायत लाल बहादुर नगर के अध्यक्ष देवेन्द्र साहू ने शपथ ग्रहण करने के बाद आज कार्यालय पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। इस दौरान उन्होंने नगर पंचायत के अपने कार्यालय में विधि-विधान से पूजा-अर्चना किया। पदभार ग्रहण करने पहुंचे नगर पंचायत अध्यक्ष साहू ने कार्यालय में बैठते ही जनहित के मुद्दों को लेकर गंभीरता दिखाई। उन्होंने व्याप्त जलसंकट को लेकर व्यवस्थाओं की समीक्षा करने की बात कही। जलस्तर नीचे चले जाने से लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल रहा है। बिजली बंद हो जाने से किसानों के खेतों की सिंचाई नहीं हो रही है जिससे खेती करने में दिक्कत आ रही है। लोगों की समस्या दूर करने के लिए उन्होंने प्रयास करने की बात कही है।

## उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत गांवों में हुई परीक्षा

# आंकलन परीक्षा में शामिल हुए उम्रदराज







हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम सहित अंचल के स्कूलों में रविवार को बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान आंकलन परीक्षा का आयोजन किया गया। राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा के लिए सभी स्कूलों को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। सुबह 10 बजे परीक्षा आरंभ हुई जो शाम पांच बजे तक जारी रही। लोग अपनी सुविधा के अनुसार परीक्षा में शामिल होने पहुंचे। जानकारी के अनुसार अर्जुनी, पैरी, सालिकझिटिया, सिंगारपुर, रामपुर, जंगलपुर, गोड़री, बरसटोला, अमलीडीह, आरी, कोनारी, बीजाभाठा, दीवानभेड़ी, मचानपर, दीवानझिटिया, रातापायली, रुदगांव, भाखरी सहित अन्य गांव में परीक्षा का आयोजन किया गया।

### ससुर-बहू ने दिया परीक्षा

ग्राम अमलीडीह में भी महापरीक्षा के दौरान दिलचस्प नजारा देखने मिला। पीएमश्री प्राथिमिक शाला में ग्राम के मनोहर और उनकी बहू परीक्षा देने पहुंचे थे। ग्राम में तुलसी सोनकर, रेणुका सोनकर, विनीता साहू, खुशबू सोनकर, तुषार पटेल, नम्रता पटेल, भारती निषाद, फनेश्वरी साहू ने प्रधानपाठक नारायणी ठाकुर, रोहित साहू, नीलम जैन के मार्गदर्शन में असाक्षरों को साक्षर बनाने में अहं भूमिका निभाया।

### दादा-दादी को नातिन ने पढ़ाया



ग्राम अर्जुनी में बुजुर्ग दंपति रामाधीन निषाद और फगनी निषाद परीक्षा देने पहुंचे थे। उनके साथ उनकी बहू संतोषी निषाद भी परीक्षा देने पहुंची थी। जानकारी के अनुसार उनकी नातिन सीमा निषाद जो कक्षा 12 बायोलाजी की छात्रा है ने करीब एक महीने तक उन्हे पढ़ाते हुए अक्षर और संख्या ज्ञान कराया था।

### शत-प्रतिशत शामिल हुए परीक्षा में



**डोंगरगांव।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान नई दिल्ली के तत्वावधान में रविवार को राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान आकलन परीक्षा का आयोजन किया गया। राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियोजन जिले में कलेक्टर संजय अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ सुरुचि सिंह के मार्गदर्शन एवं जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल के नेतृत्व में चलाया गया था। इस अभियान के तहत रविवार को आयोजित परीक्षा में कोकपुर संकुल में समन्वयक राहुल जैन ने सभी शिक्षकों के सहयोग 224 के लक्षय में 222 का आंकड़ा पार किया। इस अभियान में दिपाली ठाकुर, साधना ठाकरे, टामेश्वरी, नेहा, बसंत, तनिषा, भूमिका, सजल, ऋतु आदि ने अहम भूमिका निभाई। संकुल प्राचार्य केआर सोरी ने संकुल में मनोज ठाकुर, पूणिमा उइके, रूपेंद्र देवांगन को नोडल नियुक्त कर इस अभियान को गति प्रदान किया। ग्राम कोकपुर, अरसीटोला, जंतर, चिचढो से सर्वे में 224 परीक्षार्थी निकले थे। आरडी साहू,अश्वनी क्षीरसागर, अंकिता यद्दु, ममता बोरकर, अमरीका पंचारी, खिलावन ठाकुर, संजीव कुल्हारे, उमाशंकर मारकंडेय, कोनिका सोनी ने मिलकर 222 लोगो को परीक्षा में शामिल करवाकर 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया।

### दस हजार में से 6 हजार ने दिया परीक्षा

**डोंगरगढ़।** नवभारत उल्लास योजना के तहत रविवार को असाक्षरों ने परीक्षा दिया। परीक्षा के लिए लगभग 10 हजार का पंजीयन हुआ था। खबर लिखने तक विकासखंड के 211 केन्द्रो में लगभग 6 हजार लोग परीक्षा में शामिल हो चुके थे। सुबह 10 से 5 बजे तक चली परीक्षा के लिए प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के 3 शिक्षकों की ड्युटि लगाई गई थी। प्रधानपाठकों की उपस्थिति में यह अभियान संपन्न हुआ। कन्या पूर्व माध्यामिक शाला डोंगरगढ़ में 21, शाला नंबर 1 में 36 लोग एवं माध्यमिक शाला ठाकुरटोला में 96 में 30 लोग परीक्षा में शामिल हुए।

### ग्रामीणों में दिखा उत्साह




**मुरमुंदा।** प्राथमिक शाला भरूहाटोला में रविवार को उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत राष्ट्रव्यापी आंकलन परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में अनिता साहू, कमलाबाई गोंड, कुमारीबाई मंडावी, सिरमोतिन साहू, सुरेश कुमार साहू, सुनिता गोंड, मनभाबाई, ग्वालिन बाई साहू, कचरीबाई साहू, कौशिल्या बाई वर्मा आदि सम्मिलित हुए। इस अवसर पर प्रधान पाठक धनुषराम कंवर, संकुल समन्वयक प्रमोधदास सिरदार, शिक्षक संजीव चन्द्रवंशी, मीनाक्षी साहू उपस्थित थी।

# किसान की झोपड़ी में लगी आग, लाखों का नुकसान

## नगर पंचायत अध्यक्ष ने मौके पर पहुंचकर लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया



ग्राम गायमुख के एक किसान की झोपड़ी में आग लगने से लाखों का नुकसान होने का अनुमान है। आग लगने के कारण का खुलासा नहीं हुआ है। अनुमान लगाया जा रहा है कि 21 मार्च की रात्रि 2 बजे किसी जंगली जानवर की आहट से डरकर किसान सूरज सूर्यवंशी अपने बच्चे को साथ लेकर झोपड़ी से भाग गया। जिसके बाद झोपड़ी में आग लग गई। घटना की जानकारी मिलते ही नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो 22 मार्च को ग्राम गायमुख पहुंचे। इस दौरान उनके साथ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भिज्ञेश यादव, कांग्रेस नेता मोहसिन खान और मोहन यादव थे। अध्यक्ष ने राजस्व विभाग और वन विभाग के अधिकारियों को मामले से अवगत कराया। दोनों विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचकर जानकारी जुटाई।

### कुत्ता भी गायब

पीड़ित किसान सूरज सूर्यवंशी ने बताया कि वह पास के खेत में खेती करता है। बीती रात हिंसक जानवर की आशंका से वह झोपड़ी से भाग गया था, लेकिन पालतू कुत्ता झोपड़ी के पास ही था। ढूंढने पर बाद में कुत्ता नहीं मिला। किसान को अनुमान है कि जंगली जानवर कुत्ते को ले गया है। किसान के अनुसार उसकी झोपड़ी में 2 एकड़ में लगा धान, चना, गेहूं और राहर बीज सहित 25 हजार नकद और महुआ रखा था। इसके अलावा अनाज, बर्तन और अन्य सामान भी जलकर राख हो गया।

### मुआवाजा देने की पहल

अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो ने तहसीलदार से फसल के मुआवजे के बारे में बात की है। तहसीलदार ने पटवारी को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। पटवारी शिव लाल टंडन ने घटना का पंचनामा तैयार किया है।वन विभाग के एसडीओ को हिंसक जानवर के बारे में सूचित किया गया, जिसके बाद वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

# नपं अध्यक्ष पटेल ने वार्ड जाकर देखा जल संकट



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

नगर पंचायत छुरिया में पेयजल संकट गहराने लगा है। पाईप लाइन से शहर के 15 वार्ड में पेयजल की पर्याप्त पूर्ति नहीं हो पा रही है। सभी बोरिंग दम तोड चुके हैं।

वार्ड 13 के वार्डवासियों ने नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल से मुलाकात कर पेयजल समस्या से अवगत कराया। लोगों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल के साथ उपाध्यक्ष भूषण नेताम, पार्षद सलूजा कोहरे ने वार्ड में पहुंचकर समस्या का जायजा लिया और जल्दी निजात दिलाने का आश्वासन दिया। नगर पंचायत अध्यक्ष श्री पटेल ने हैंडपंप का निरीक्षण किया जिसमें कुछ हैंडपंप का बंद पाया। श्री पटेल ने वार्डवासियों को आश्वासन दिया कि पेयजल समस्या का समाधान किया जाएगा। टैंकर के माध्यम से पेयजल की पूर्ति की जाएगी। हैंडपंप की मरम्मत कराया जाएगा। अध्यक्ष ने पेयजल की समस्या हल करने अधिकारियों को निर्देश दिया है। वार्ड 13 के बोर में नया पंप लगाकर पेयजल पूर्ति की जाएगी।

# टंकी तोड़कर बनाया रास्ता

- शासकीय जमीन पर कब्जा करने का आरोप

**डोंगरगढ़।** शासकीय भूमि पर बने शौचालय की टंकी को एक भूस्वामी को फायदा पहुंचाने के लिए तोड कर नियम विरूद्ध रास्ता देने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि प्रभावशाली लोग कानून को अपने हाथ में बिना स्वीकृति के अवैध प्लाटिंग कर रहे है वहीं शासकीय भूमि पर कब्जा किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि बरसो पुराना सुलभ षौचालय बना था। जिसके आसपास और पीछे जमीन की प्लाटिंग कर बेचने की प्रक्रिया षुरू की गई। इस जमीन में रास्ता बनाने के लिए शौचालय की टंकी को बिना मंजूरी के तोड़ दिया गया है और



शासकिय जमीन पर कब्जा कर लिया गया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीके शर्मा ने बताया कि उन्हे इस मामले की जानकारी नही है। शिकायत मिलने पर मामले को संज्ञान में लेकर उचित कार्यवाही की जाएगी।

### कर्मा जयंती 25 को

**राजनांदगांव।** प्रदेश साहू संघ के आह्वान पर जिला साहू संघ द्वारा 25 मार्च को संत शिरोमणी भक्त मां कर्मा की जयंती साहू सदन राजनांदगांव में मनाया जाएगा। राजनांदगांव जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू के निर्देशानुसार जिला साहू संघ की सलाहकार एवं जिला पंचायत सदस्य विभा साहू ने जिला साहू संघ द्वारा दिए दायित्व का निर्वहन करते डोंगरगांव तहसील के अंतर्गत आने वाले समस्त परिक्षेत्र के परिक्षेत्रीय अध्यक्षों को आमंत्रण पत्र देने उनके घर पहुंची। आगामी 25 मार्च को जिला स्तरीय कर्मा जयंती एवं सम्मान समारोह को लेकर तैयारी जोरों पर है। जिसमें सर्वप्रथम सुबह 08 बजे मां कर्मा मंदिर में आरती पश्चात मां कर्मा झांकी के साथ भव्य कलश शोभायात्रा, सुबह 11 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम, दोपहर 01 बजे मां कर्मा की सामूहिक पूजा एवं ध्वजारोहण, दोपहर 01.30 बजे समाज के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह, दोपहर 02 बजे आमंत्रित अतिथियों का स्वागत एवं संबोधन, दोपहर 03 बजे खिचड़ी प्रसादी (भोजन) आदि शामिल है।

### मुसरा में मनाया स्वच्छता त्यौहार



**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत मुसरा में स्वच्छ्ता त्यौहार सरपंच गायत्री शिव कुमार टेम्भुरकर की अगुवाई में मनाया गया। कार्यक्रम में सभी पंच, ग्रामवासी, महिला समूह, स्वच्छताग्राही महिलाएं शामिल हुई।

## 341 बकायेदारों के काटे बिजली कनेक्शन

# 1397 बकायेदारों से 93 लाख वसूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

विद्युत कंपनी द्वारा बकायेदार उपभोक्ताओं से बकाया राजस्व वसूली के लिए वृहद अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में डोंगरगांव संभाग अंतर्गत कुमरदा, गैंदाटोला, खुज्जी, डोंगरगांव शहर एवं ग्रामीण वितरण केंद्रों में बकायेदार उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शनों के विच्छेदन की कार्रवाई करते 341 विद्युत कनेक्शन विच्छेदित किए गए। इस अभियान में 1397 बकायेदार उपभोक्ताओं से 93 लाख 44 हजार रुपए की राशि वसूल की गई।

डोंगरगांव संभाग के कार्यपालन अभियंता प्रकाशचंद साहू ने बताया कि डोंगरगांव उपसंभाग स्तर पर मॉस डिस्कनेक्शन के लिए गठित टीमों द्वारा कार्रवाई करते 341 उपभोक्ताओं के कनेक्शन जिन पर 29 लाख 32 हजार रुपए की राशि बकाया था,



ऐसे बकायेदार उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन बकाया भुगतान नहीं किए जाने पर काट दिए गए हैं। इस अभियान के दौरान मीटर रीडिंग के लिए अनुबंधित मीटर रीडरों द्वारा संपादित किए जा मीटर वाचन के कार्यों का भी निरीक्षण किया जा रहा है। ऐसे अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

इस कार्रवाई के दरमियान विद्यमान सर्विस कनेक्शनों में बायपास एवं हुकिंग कर बिजली चोरी के प्रकरण पाए जाने पर उनके विरूद्ध भी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बकायेदार उपभोक्ताओं से अपील करते कहा कि विद्युत देयकों का भुगतान नियमित रूप से करें, ताकि विच्छेदन की कार्रवाई से होने वाली असुविधा से बचा जा सके।

### जिला स्तरीय कर्मा जयंती समारोह 25 को

**छुईखदान।** दुबेलिया तेली साहू समाज ने जिला स्तरीय कर्मा जयंती समारोह, शोभायात्रा एवं रक्तदान शिविर का आयोजन आगामी 25 मार्च को श्यामपुर में किया है। समाज के सहसचिव सीआर साहू ने बताया कि कार्यक्रम में सामाजिक जनों की उपस्थिति सुनिश्चित करने बैठक लेकर प्रचार किया जा रहा है। कार्यक्रम 11बजे माता कर्मा की पूजा एवं आरती के साथ प्रारंभ होगा। तत्पश्चात भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा छुईखदान के जयस्तंभ चौक, बस स्टैंड, बाजार लाइन, जैन मोहल्ला होते हुए वापस सामाजिक भवन श्यामपुर पहुंचेगी। यहां पदाधिकारियों द्वारा भक्त माता कर्मा की जयंती पर प्रकाश डाला जाएगा। आयोजकों ने छुईखदान ब्लॉक, खैरागढ़ ब्लॉक, गंडई ब्लॉक धमधा सहित अन्य ब्लाको के समाजिकजनों से कार्यक्रम में शामिल होने का आव्हान किया है। समापन महाप्रसादी के साथ होगा।

# इफ्तार पार्टी में विधायक का स्वागत

- मस्जिद को दस लाख देने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



नगर की जामा मस्जिद में इंतेजामियां कमेटी ने इफ्तार पार्टी का आयोजन किया। पार्टी में विधायक दलेश्वर साहू, पार्षद सद्दाम खत्री, प्रियंक जैन, महेंद्र भोसले, पूर्व पार्षद रौशन यदु, शशांक खोबरागड़े ने शिरकत किया।

मस्जिद में इफ्तार का सायरन बजते ही विधायक सहित अन्य ने मुस्लिम समाज के साथ इफ्तार कर अमन चैन और सुख समृद्धि के लिए दुआ मांगी। नमाज मगरिब इंतेजामियां कमेटी के सदर रफीक खत्री, सेक्रेटरी बशीर अहमद खान, खजांची समीम अंसारी, मास्टर महमुदूल हसन, नजीर तंवर, रियाजुद्दीन सोलंकी, युनुस सिद्दीकी, फिरोज हसन रिजवी, इकबाल तंवर,आरिफ सोलंकी, जुनैद सोलंकी, सिद्दीक बडगुजर, शरीफ बडगुजर, जावेद भाई, बंटी खत्री, साहिल हसन आदि ने स्वागत किया।

स्वागत बाद विधायक ने मुस्लिम समाज, इंतेजामिय कमेटी और रजा ए इत्तेहाद कमेटी के पदाधिकारियों को बधाई देते जामा मस्जिद और कब्रिस्तान के लिए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। उन्होंने मस्जिद फंड में दस लाख देने की घोषणा की। इस घोषणा का इंतेजामियां कमेटी, मुस्लिम समुदाय के लोगों ने स्वागत किया है।

## निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को दी गई बधाईयां

# जिला पंचायत के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का प्रथम सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़



त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन अंतर्गत नवगठित जिला पंचायत के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का प्रथम सम्मेलन जिला पंचायत परिसर में भव्य समारोह के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडेय थे।

जिला पंचायत की नव-निर्वाचित अध्यक्ष प्रियंका खम्हन ताम्रकार, उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह सहित सभी सदस्यों ने अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा व जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने की शपथ ली। मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडेय ने नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सभी सदस्यों को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामना देते हुए मिले दायित्वों का पूर्ण निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने और हमेशा जनहित में कार्य करने प्रेरित किया। अध्यक्ष श्रीमती ताम्रकार और उपाध्यक्ष श्री सिंह ने सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को शुभकामना दीं और विश्वास जताया कि वे जनता की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे और अपने-अपने क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

इस अवसर पर निर्वाचित सदस्यों के परिवारजन सहित जिला एवं जिला के बाहर के भी कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे। जनप्रतिनिधियों ने श्रम एवं समाज कल्याण विभाग के हितग्राहियों को चेक वितरण भी किया। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष उपाध्यक्ष ने अपने अपने कक्ष में पदभार ग्रहण किया। उपस्थित अतिथियों व अधिकारियों के द्वारा उन्हें पदभार ग्रहण पर बधाई दी गई।

### विक्रांत का किया सम्मान

जिला पंचायत के उपाध्यक्ष बनने पर ग्राम मुतेड़ा के भाजपा कार्यकर्ताओं ने विक्रांत सिंह के निवास पहुँचकर सम्मान किया। कार्यकर्ताओं से बातचीत के दौरान श्री सिंह ने कहा कि उनका मुतेड़ा से लगाव पहले से है वहाँ हमेशा मुझे मान सम्मान मिलता रहा है व आने वाले समय में गाँव के मूलभूत आवश्यकताओं व गाँव के विकास के लिए समुचित तरीके से कार्य किया जाएगा। गौरतलब है कि कई सालो से ग्रामीणों द्वारा जीर्णशीर्ण शीतला मंच निर्माण का मांग किया जा रहा था जिस पर उन्होंने अपने जिला पंचायत मद से तीन लाख रुपये की स्वीकृति दी थी जिससे शीतला मंच का निर्माण किया गया और अब गाँव में होने वाले आयोजनों में उसका वाजिब उपयोग हो रहा है। कार्यकर्ताओं ने श्री सिंह को गाँव आने का निवेदन किया। इस दौरान भाजपा नेता टीके चंदेल, मकरध्वज वर्मा, तीरथ वर्मा, यतीश साहू, रमाशंकर वर्मा, गौतम वर्मा, असवन वर्मा, नरेंद्र सेन, अनूप वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

## पूजा अर्चना...



राजनांदगांव। बाबा रामदेव मंदिर में युवतियों ने सामुहिक रूप से गणगौर की पूजा अर्चना।

# युवक कांग्रेसी जाएंगे दिल्ली, संसद भवन के घेराव में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

जिले मे अवैध शराब विक्रेताओं को पुलिसिया संरक्षण मिलने और शिकायत करने पर दुर्व्यवहार को लेकर जिला युंका अध्यक्ष गुलशन तिवारी ने बताया कि नौकरी दो नशा नहीं अभियान तहत नई दिल्ली मे संसद भवन का घेराव करने जिले से युंकाई रवाना होंगे।

गुलशन तिवारी ने जिले मे अवैध शराब बिक्री करने वालों को पुलिस का खुला संरक्षण मिलने का आरोप लगाते हुए कहा कि छुईखदान थाना प्रभारी को जब निर्वाचित जनप्रतिनिधि अवैध शराब बिक्री की रोकथाम का अनुरोध करता है तो उसे जान से मारने की धमकी दी जाती है। उन्होंने कहा कि भाजपा राज मे युवाओं को नौकरी की चाह है लेकिन साय सरकार नशा उपलब्ध करा रही है। प्रदेश मे 67 जगहों पर नई कंपोजिट शराब दुकान खोलना यही प्रमाणित करता है कि सरकार को युवाओं के भविष्य की नही राजस्व की चिंता है। जिले मे भी कई जगहों पर शराब दुकानें खुलनी है उसके लिए आबकारी नीति मे बदलाव किया गया है पहले चार पव्वा तक दुकान से दिया जाता था लेकिन अब 24 पव्वा शराब लाने ले जाने दिया जाएगा।

यह सीधे सीधे गॉव गॉव आसानी से शराब उपलब्ध कराने और कोचियो की संख्या बढ़ाने का काम है। साय सरकार के चौदह महीने के कार्यकाल को अन्याय वाला कार्यकाल बताते हुए कहा कि नई आबकारी नीति प्रदेश के युवाओं के भविष्य साथ खिलवाड़ करने वाली नीति है। राजस्व बढ़ाने सीएम जिनके पास आबकारी विभाग भी है वो अन्याय कर रहे है। शिक्षण संस्थाओं की आवश्यकता है, नए जिले मे भवन, महिला सदन, युवाओं के लिए रोजगार की जरूरत है लेकिन इन सब मूलभूत जरूरतों को दरकिनार कर सरकार शराब भी की संख्या बढ़ा रही है।

### पुलिस दे रही संरक्षण

जिला युंकाध्यक्ष गुलशन तिवारी ने कहा कि छुईखदान ब्लाक के ज्यादातर गांव मे अवैध शराब बिक्री चरम पर है। महुआ शराब खुलेआम बिक रही है लेकिन थाना स्टाफ मौन है। आबकारी विभा होने के बाद भी चुनाव के दौरान चेक पोस्ट होने के बावजूद पड़ोसी राज्य की हजारों लीटर शराब आसानी से जिले मे पहुँची। शराब दुकानों से आसानी से कोचियों को शराब दी जा रही है। उनको पकड़ना आसान है लेकिन सेटिंग के चलते पुलिस और आबकारी विभाग छोटे छोटे लोगों पर कारवाई के नाम पर खानापूर्ति कर रही है। गुलशन तिवारी ने कहा कि खुड़मुड़ी के निर्वाचित सरपंच जब छुईखदान थाने अवैध शराब बिक्री की शिकायत करने गए तो टीआई ने कहा कि तुम्हारे कहने पर मै उसे जेल भेज दूंगा लेकिन जमानत मे बार आने के बाद वह तुम्हारी हत्या कर देगा तो मेरी जिम्मेदारी नहीं होगी। टीआई का यह कथन स्पष्ट रूप से प्रमाणित करता है कि अवैध शराब विक्रेताओं को उनका खुला संरक्षण मिला हुआ है। कानून के रखवाले ही जब सच बोलने वालो का डराने लगे तो इस स्थिति मे प्रदेश मे शांति और कानून व्यवस्था की उम्मीद करना बेकार है। इस दौरान युंका प्रदेश महासचिव अनिमेष सिंह, समीत छाजेड़ सहित अन्य मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### प्रवेश पत्र वितरण शुरू

**छुईखदान।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल द्वारा मार्च- अप्रैल में कक्षा 10वीं एवं 12वीं की मुख्य परीक्षा रखा गया है। प्रवेश पत्र वितरण 23 मार्च से शुरू हो गया है। कक्षा 12वीं की परीक्षा आगामी 26 मार्च एवं दसवीं की परीक्षा 27 मार्च से प्रारंभ होगी। विद्यार्थी कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला छुईखदान में उपस्थित होकर प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

### ठाकुरटोला में क्षेत्रीय अभिभावक बैठक 25 से

**राजनांदगांव।** एनआईईपीआईडी सिकंदराबाद के अंतर्गत संचालित सीआरसी ठाकुरटोला राजनांदगांव छत्तीसगढ़ द्वारा क्षेत्रीय अभिभावक बैठक का आयोजन 25 से 26 मार्च तक किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सीआरसी ठाकुरटोला के सभागार भवन में संपन्न होगा। जिसका मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों और उनके अभिभावकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं, अधिकारों और लाभों की जानकारी प्रदान करना तथा उन्हें सशक्त बनाना है। इस वर्ष बैठक की थीम साथ सशक्त बनें: संभावित भविष्य का निर्माण करें रखी गई है, जो दिव्यांगजनों एवं उनके अभिभावकों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने पर केंद्रित है। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, महापौर मधुसूदन यादव, कलेक्टर संजय अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सहित ओडिशा, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र एवं आंध्रप्रदेश से भी दिव्यांगजन एवं उनके अभिभावक बड़ी संख्या में भाग लेंगे। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों द्वारा विशेष सत्र और कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मनोवैज्ञानिक, चिकित्सक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं सरकारी अधिकारी दिव्यांगजनों के लिए उपलब्ध संसाधनों एवं योजनाओं पर विस्तृत जानकारी देंगे।

# टूटने लगा आवास का सपना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

पालिका चुनाव के दौरान वार्डवासियों ने भाजपा जनप्रतिनिधियों के सामने पीएम आवास का लाभ दिलाने की मांग रखा था। भाजपा प्रत्याशियों ने जीत के लिए मंजूरी दिलाने का आश्वासश्दिया था किन्तु अब क्राईटेरिया में नहीं आने के कारण मंजूरी नहीं मिल रही है।

चुनाव के बाद गरीब परिवारों की उम्मीदों में पानी फिरता नजर आ रहा है। नगर पालिका में भाजपा का कब्जा होने के बाद जनप्रतिनिधि और उनके समर्थक वार्डवासियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने फार्म भरवा कर आय प्रमाण पत्र और पालिका में टेक्स जमा करने कह रहे हैं जबकि नगर पालिका अधिकारी सीके शर्मा बताते है कि आवास योजना का लाभ तभी मिलेगा जब हितग्राहियों के पास जमीन का पटटा हो या स्वयं की जमीन हो। जिनका पक्का मकान है या अन्य वार्ड में जमीन है उन्हे योजना का लाभ नहीं मिल सकता जबकि ऐसे लोग भी योजना का लाभ लेना चाह रहे है जो संभव नहीं है।

सीएमओ शर्मा ने बताया कि अगर किसी हितग्राही ने गलत तरीके से योजना का लाभ लिया है तो जांच के बाद कार्रवाई होगी।

### अब नजरें चुरा रहे जनप्रतिनिधि

पलिका चुनाव में जनप्रतिनिधियों ने अपना पक्ष मजबूत करने लोगों को दिलासा तो दिया किन्तु अब आवास स्वीकृत कराने को लेकर नजरे चुरा रहे हैं। जनप्रतिनिधि को लेकर लोगों में नाराजगी देखने मिल रही है। शहर के अल्पशिक्षित लोगों ने प्रावधान जाने बिना उम्मीद पाल लिया था जबकि वह योजना के दायरे में नहीं आ रहे है जिससे अधिकारी और जनप्रतिनिधि कुछ नही कर पा रहे हैं।

### घमेन्द्र उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित

**राजनांदगांव।** डॉ. घमेन्द्र कुमार साहू को शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव में जलवायु परिवर्तन एवं स्थायी विकास विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सेमीनार में विज्ञान के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित महंत राजा दिग्विजय दास यंग सांईटिस्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया। नवीनतम वैज्ञानिक ज्ञान एवं अनुसंधान, नवाचार के क्षेत्र में उनकी प्रतिबद्धता तथा समर्पण के साथ किए गए कार्यों के लिए उन्हें यह अवार्ड प्रदान किया गया। उन्होंने विज्ञान के क्षेत्र में विशेष उपलब्धियां हासिल की है तथा वैज्ञानिक समुदाय को गौरवान्वित किया है।

# गांव-गांव में पानी की समस्या हल करने विभा ने अधिकारियों से की मुलाकात

■ अर्जुनी क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में जल संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 05 अर्जुनी की सदस्य विभा साहू ने अपने क्षेत्र के गांव-गांव का भ्रमण कर बढ़ती गर्मी को देखते पेयजल संकट का लगातार जायजा ले रही है।

इस कड़ी में उन्होंने क्षेत्र के कुछ गांवों में पीने के पानी की समस्या ज्यादा गहराने की जानकारी मिलने पर उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) के अधिकारियों से मुलाकात कर क्षेत्र के ग्रामों में व्याप्त पेयजल संकट को लेकर चर्चा की। इसके बाद अधिकारियों ने उन्हें जल्द ही समस्या के निराकरण के लिए आश्वस्त किया।

गांवों में पानी की समस्याओं को लेकर जिला पंचायत सदस्य विभा साहू ने सोमवार को पीएचई के ईई समीर शर्मा और एसडीओ पलक झा से मुलाकात कर समस्याओं का त्वरित निराकरण करने कहा, ताकि आगामी भीषण गर्मी में ग्रामीणों को पानी की समस्या से जूझना न पड़े। इस अवसर पर जनपद सदस्य टुम्मन साहू, सरपंच रेखा बघेल, सालिकझिटिया सरपंच हेमबाई खिलाड़ी, करमतरा उपसरपंच नूतन साहू, रामकुमार साहू, डालेश्वर साहू, राजेंद्र बघेल, बुधराम तारम, केशव यादव आदि उपस्थित थे।



### जंगलपुर में पानी टंकी का नहीं हुआ निर्माण

श्रीमती साहू को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता समीर शर्मा और सहायक अभियंता पलक झा ने त्वरित रूप से हल करने का आश्वसन दिया। करमतरा में पानी टंकी के निर्माण के डेढ़ साल बाद भी जलापूर्ति शुरू नहीं होने से ग्रामवासी परेशान हो रहे हैं। सालिकझिटिया, रूदगांव, कविराज टोलागांव में भी तीन साल से पानी टंकी की यही स्थिति है। पुराने समस्याग्रस्त ग्राम सालिकझिटिया में सभी करीब आधा दर्जन पत्थर खदानों की ब्लास्टिंग के चलते जलस्रोत सूख गए हैं। जिससे गांव के लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। इसी प्रकार घोरदा में भी पत्थर खदानों की वजह से पेयजल संकट व्याप्त हो गया है। ग्राम घोरदा में भी यही स्थिति बरकरार है। ग्राम नादिया में सारे बोर सूख चुके हैं। जंगलपुर में दो ठेकेदारों के बदलने के बाद भी पानी टंकी का निर्माण नहीं हुआ है।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मनाया होली मिलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़



हर साल की तरह रंग पंचमी के दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खैरागढ़ एवं नगर खंड ने सरस्वती शिशु मंदिर में होली महोत्सव मनाया।

मुख्यवक्ता डेमन तरार विभाग कार्यवाह, खंड संघचालक देवकरण वर्मा नगर संघचालक मनोज गिडिय़ा, खंड कार्यवाह राजू यादव, संघ के अनुसांगिक संगठन विश्व हिंदू परिषद, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, शिक्षक संघ, किसान संघ, संस्कृत भारती, भारतीय जनता पार्टी, बजरंग दल, विद्याभारती सहित अन्य संगठन के स्वयंसेवक उपस्थित थे। सभी ने एक दूसरे को रंग पंचमी की बधाई दी और संघ के दिशा निर्देशों का अक्षरशः पालन करने का संकल्प लिया। इस दौरान जिला भाजपाध्यक्ष डॉ बिसेशर साहू, जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिपं सदस्य व मंडल अध्यक्ष दिनेश वर्मा, पूर्व जिला भाजपाध्यक्ष घम्मन साहू, छत्रपाल सिंह,अनुराग मालवीय, कृष्ण कुमार वर्मा, हेमलाल कौशिक, भूपेंद्र गंगबोइर, निक्कू श्रीवास, झामन वर्मा, मनोज वर्मा, मोतीलाल यादव, लोकेन्द्र सिंह, गुलशन भगत, नागेंद्र साहू, रितिक कंडरा, सुभाष सिंह, कमलेश्वर सिंह, चैतराम वर्मा, कृतलाल जंघेल, ईश्वर निषाद, नरेंद्र सोनी, ललित साहू, राकेश गंधर्व, राकेश वर्मा, हिम्मत वर्मा, सन्नी यदु, प्रेमसागर गुप्ता, गोरेलाल वर्मा, नरेश कुर्रे, श्रीराम यादव सहित अधिक संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जिला मुख्यालय सहित चार जगहों पर खुलेगी नई शराब दुकान

**मोहला।** वनांचल क्षेत्र के शराब प्रेमियों के लिए बड़ी खबर सामने आई है। मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में जिला मुख्यालय मोहला सहित चार जगहों पर नई शराब की दुकानें स्थापित की जाएगी। जिसके लिए कार्यालय आबकारी आयुक्त छत्तीसगढ़ रायपुर ने स्वीकृति प्रदान किया है। उल्लेखनीय है कि जिले के अंदरूनी हिस्से में निवासरत शराब प्रेमियों के लिए आबकारी विभाग ने होली के बाद बड़ा तोहफा दे दिया है। जिला मुख्यालय मोहला सहित चिल्हाटी, तहसील मुख्यालय खडगांव, तहसील मुख्यालय औंधी में नया शराब भट्ठी खोले जाने को लेकर आबकारी आयुक्त कार्यालय ने प्रशासनिक तौर पर स्वीकृति प्रदान कर दिया है।

## उल्लास नवभारत महापरीक्षा आयोजित

# ग्यारह हजार से अधिक लोग हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़



शिक्षा से वंचित लोगो को साक्षर बनाने उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान तहत जिले मे 11 हजार से ऊपर परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। जिलाधीश चंद्रकांत वर्मा के मार्गदर्शन व दिशा निर्देश मे जिले के खैरागढ़ और छुईखदान ब्लॉक मे नवभारत साक्षरता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत 2030 तक देश मे शिक्षा से वंचित 15 साल से अधिक आयु वर्ग के लोगों को पढ़ना लिखना सिखाया जाना है जिसको लेकर रविवार को जिले मे 421 प्राथमिक शालाओ मे सुबह दस से शाम पांच बजे तक राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान का आयोजन किया गया जिसमें 11 हजार 50 असाक्षर लोगों को बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान दिया गया। परीक्षा के सुचारू संचालन को लेकर केंद्राध्यक्ष व संकुल प्रभारियों को नोडल बनाया गया था। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी, खैरागढ़ बीईओ नीलम सिंह राजपूत, छुईखदान बीईओ रमेंद्र डड़सेना, एबीईओ किशोरी लाल अमेला, गिरेंद्र सुधाकर, बीआरसी सुजीत सिंह चौहान, दुष्यंत शर्मा सहित समस्त संकुल समनव्यको ने परीक्षा केंद्रो का निरीक्षण किया और परीक्षा मे शामिल होने आए लोगो को उत्साहित किया।

### 80 साल की महिला हुई शामिल

कट्टहा नवागांव परीक्षा केंद्र मे उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम तहत राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा में असाक्षरों ने बढ़-चढकर भाग लिया। 15 साल से अधिक आयु के उन वयस्कों को बुनियादी साक्षरता व संख्या ज्ञान आंकलन की औपचारिक शिक्षा का अवसर उपलब्ध कराया गया। डीईओ लालजी द्विवेदी, जिला नोडल डॉ. रश्मि खरे, बीईओ नीलम सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में शाला के प्रधान पाठक रामलाल साहू ने लगातार गांव में रैली जन-जागरूकता अभियान चलाकर जनमानस में शिक्षा का माहौल बनाया। परीक्षा में 25 लोगों के साथ गांव के 80 साल की बुजुर्ग महिला श्रीमती सेवा बाई भी साक्षर बनने उत्साह से शामिल हुई। प्रपा रामलाल साहू ने सभी परीक्षार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया और परीक्षा उपरांत सभी को स्वल्पाहार कराकर विदा किया। इस दौरान पर्यवेक्षक नीलम कुमार वर्मा भी मौजूद थे।

# माइक्रो एंटरप्राइज डेवलपमेंट प्रोग्राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ उद्यमिता विकास केंद्र द्वारा 20 मार्च को श्रीराम शिक्षा महाविद्यालय राजनांदगांव में 12 दिवसीय माइक्रो एंटरप्राइज डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य एवं उद्योग विभाग और भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद की संयुक्त पहल के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य तुकेश वर्मा ने कहा कि उद्यमिता ही देश की आर्थिक समृद्धि की कुंजी है। इस प्रकार के कार्यक्रम युवाओं को न केवल स्वरोजगार की दिशा में प्रेरित करते हैं, बल्कि उन्हें नवाचार और आर्थिक स्वतंत्रता का अवसर भी प्रदान करते हैं। संस्थान इस प्रकार की पहलों का सदैव समर्थन करता रहेगा। मैनेजर राहुल तिवारी ने कहा कि आज का दौर स्टार्टअप और नवाचार का है। उद्यमिता विकास के लिए सही मार्गदर्शन और प्रशिक्षण आवश्यक है और हमारा प्रयास है कि इस कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को व्यवहारिक ज्ञान और संसाधन उपलब्ध कराया जाए। जिससे वे सफल उद्यमी बन सकें।



### उद्यमिता को बढ़ावा देने अवसर

कार्यक्रम समन्वयक दोमेंद्र वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में युवाओं और महिलाओं के बीच उद्यमिता को बढ़ावा देने यह एक महत्वपूर्ण अवसर है। हम चाहते हैं कि अधिक से अधिक प्रतिभागी इस प्रशिक्षण का लाभ उठाकर स्वयं का व्यवसाय शुरू करें और स्थानीय अर्थव्यवस्था में योगदान दें। प्रशिक्षक अनीता वर्मा ने कहा कि सफल उद्यमी बनने सही प्रशिक्षण और सतत प्रयास की आवश्यकता होती है।

## सार समाचार



### कलाकारों ने की सौजन्य भेंट

**राजनांदगांव।** महापौर मधुसूदन यादव से दाऊ मंदराजी धरोहर मंच के कलाकारों ने सौजन्य भेंट कर गुलदस्ता देकर सम्मान किया। साथ ही एक अप्रैल मंदराजी जयंती (कन्हारपुरी) का आमंत्रण दिया।

### एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में कृषि के डिजिटल परिवर्तन को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से 19 मार्च को ग्राम मलपुरी में इंदिरा



गांधी कृषि विश्वविद्यालय, एनआईसी, भारतीय प्रौद्यागिकी संस्थान भिलाई इनोवेसन एंड टेक्नोलोजी फौंडेसन द्वारा वित्तीय पोषित कार्यक्रम का सफल प्रशिक्षण कराया गया। जिसमें आदिवासी कृषको को क्रॉप डॉक्टर मोबाइल एप को इंस्टाल कराकर उसके उपयोग एवं लाभ की जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में केंद्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. गुंजन झा ने फल एवं सब्जियों के उत्पादन तकनीकी एवं क्रॉप डॉक्टर एप के माध्यम से मिलने वाली जानकारी प्रदान की। डॉ. अतुल डांगे ने एप के माध्यम से कृषि यंत्रीकरण एवं डिजिटल कृषि मार्केटिंग पर व्याख्यान दिया। अंजलि घृतलहरे ने मृदा परीक्षण एवं एप के माध्यम से फसलों में होने वाले पोशक तत्वों की पहचान एवं निराकरण पर विस्तृत जानकारी दी। डॉ. योगेंद्र श्रीवास ने एप को इंस्टाल कराकर एप्प की संपूर्ण जानकारी। साथ ही मौसम आधारित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा विकसित एप्प दामिनी, जो कि आकाशीय बिजली से होने वाले नुकसान से बचने एक उपयोगी एप्प है, जो बिजली गिरने की संभावना का पूर्वानुमान लगाकर लोगों को सचेत करता है।

### चयन परीक्षा 30 मार्च को

**राजनांदगांव।** पंडित जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 30 मार्च को दोपहर 12 से 2 बजे तक परीक्षा केन्द्र एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेंड्री राजनांदगांव में आयोजित की गई है। परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र एवं पहचान पत्र के साथ परीक्षा के आधा घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में उपस्थित होने कहा गया है।

### युवाओं के विचारों की प्रशंसा

**राजनांदगांव।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा देशभर के युवाओं के विकसित भारत संबंधी विचार जानने के उद्देश्य से विकसित भारत युवा संसद 2025 जिला स्तरीय जिला राजनांदगांव, खैरागढ़ एवं




मानपुर-मोहला का आयोजन मिनीमाता शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक राजनांदगांव में किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव शामिल हुए। उन्होंने विकसित भारत से संबंधित युवाओं के विचारों की प्रशंसा करते कहा कि आप ही देश के भावी युवा पीढ़ी है, विकसित देश के निर्माणकर्ता है। अतिथि के रूप में जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केंद्र राजनांदगांव के नितिन शर्मा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि भिलाई के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. डीएस रघुवंशी शामिल हुए। उपरोक्त प्रतियोगिता में डिप्टी कलेक्टर प्रकाश टंडन, सहायक प्राध्यापक संजय सप्तऋषि, समाजसेविका डॉ. साधना तिवारी एवं छात्र युवा मंच के प्रदेश संयोजक नागेश यदु निर्णायकगणों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### हिन्दू नववर्ष पर 30 को निकलेगी शोभायात्रा

**राजनांदगांव।** हिन्दू नववर्ष के अवसर पर 30 मार्च को विश्व हिंदू परिषद एवं सभी सनातनी सामाजिक संगठनों द्वारा बाइक शोभायात्रा का आयोजन किया गया है। हिंदू नववर्ष को एक त्यौहार के रूप में पारंपरिक तरीके से



सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों के साथ सनातनी समाज द्वारा मनाया जाता है। बाइक शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं बाइक में सवार होकर हिंदू नववर्ष की शुभकामनाएं देती है। यह महिलाओं की शक्ति और सशक्तिकरण का प्रतीक है। विगत कई वर्षों से निकाली जा रही इस भव्य बाइक शोभायात्रा को इस वर्ष भी सफलतापूर्वक आयोजित करने परिषद के जिला कार्यालय महावीर चौक में संगठन की बैठक संपन्न हुई। बैठक में तय किए गए कार्यक्रम अनुसार 30 मार्च को संध्या 04 बजे महावीर चौक हनुमान मंदिर से यह बाइक शोभायात्रा प्रारंभ होगी। बैठक में 7 अप्रैल को रामनवमी के उपलक्ष्य पर रामनवमी शोभायात्रा समिति द्वारा भव्य शोभायात्रा के आयोजन पर भी सारगर्भित चर्चा संपन्न हुई। बैठक में विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश सहमंत्री नंदूराम साहू, ओमप्रकाश अग्निहोत्री, अरूण गुप्ता, अनूप श्रीवास, सुनील सेन, योगेश बागड़ी, राहुल बलदेव मिश्रा, अंकित खंडेलवाल, बाबाजी मेश्राम, जुगल शर्मा, संगीता शुक्ला, अंजलि वाडेकर, बबीता मिश्रा, हर्षवर्धन शर्मा, टीकाराम त्यागी, चंद्रेश जैन, अखिलेश गुप्ता, रामावतार जोशी, विलास नारायण राव, प्रशांत सोनी, योगेश मुदलियार, प्रवीण शर्मा, गणेश देवांगन, राहुल ताम्रकार एवं अन्य पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित थे।

### संगीत के बीच मनेगी मंदराजी की जयंती

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ी लोकरंग शैली नाचा के पुरोधा दाऊ मंदराजी की जयंती कार्यक्रम आगामी 01 अप्रैल को कन्हारपुरी वार्ड नं. 34 में धूमधाम से मनाया जाएगा। दाऊ मंदराजी धरोहर मंच कन्हारपुरी के तत्वावधान में



मंदराजी गौठान में 01 अप्रैल को आयोजित दाऊ मंदराजी जयंती का भव्य कार्यक्रम इस बार लोक गायिका प्रधान कलाकारों के रंगारंग गीत-संगीत की प्रस्तुति के बीच होगा। जिसमें पंडवानी गायन, भरथरी गायन से लेकर कर्मा, ददरिया लोक गीतों सहित एक से बढ़कर एक छत्तीसगढ़ी गीतों की प्रस्तुति सुप्रसिद्ध लोक गायिकाओं व अन्य कलाकारों द्वारा दी जाएगी। वहीं कार्यक्रम में कचरा-बोदरा जैसे कामेडी का धांसू तड़का भी देखने मिलेगा। इस संबंध में लोक गायक महादेव हिरवानी के निवास कन्हारपुरी में वार्डवासियों सहित लोककला धर्मियों व लोककला अनुरागियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पार्षद प्रतिनिधि युवराज सिंह ढीरहेर ने की। इस अवसर पर अनुरागी राकेश इंदू भूषण ठाकुर, आत्माराम कोशा, चतुर सिंह बजरंग, नत्थन दास, छन्नुदास, महादेव हिरवानी, मनहरण साहू, सीताराम श्रीवास, मानसिंह, पवन यादव, दिनेश साहू, खेमचंद हिरवानी, लोकेश हिरवानी, सहदेव दीवान, आनंदराम सार्वा, धन्नुलाल श्रीवास, राजू नाग सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी एवं कलाधर्मियों की उपस्थिति रही। मानसिंह मौलिक ने बताया कि एक अप्रैल की सुबह 10.30 बजे से देर शाम व रात तक दो सत्रों में आयोजित कार्यक्रम की तैयारियां की जा रही है। उक्ताशय की जानकारी पवन यादव पहुना ने दी।

## जिले के ग्राम पंचायतों में जल, स्वच्छता एवं फसल संगोष्ठी का आयोजन

# जल संरक्षण के लिए लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून, पानी गए न ऊबरे, मोती मानुष चून.... रहीम के इस दोहे से पानी के महत्व को तो समझा ही जा सकता है। ऐसे तो हर दिन के लिए पानी का अपना महत्व है परंतु 22 मार्च विश्व जल दिवस के रूप में मनाया जाता है। पानी एक ऐसी बहुमूल्य प्राकृतिक संपदा है, जिसका कोई अन्य विकल्प पृथ्वी पर मौजूद नहीं है। जब तक जल है तभी तक जीवन है।

जल को बचाने के लिए हम सबको मिलकर हरसंभव प्रयास करने की अनिवार्य आवश्यकता है। विश्व जल दिवस के अवसर पर राजनांदगांव जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत में जल, स्वच्छता एवं फसल संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जल संरक्षण एवं गिरते भू-जल के स्तर के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में बताया गया कि संगम अभियान के तहत महात्मा गांधी नरेगा को महिला संगठनों एवं पंचायती राज संस्थाओं के साथ एकीकृत करता है। लखपती दीदी कार्यक्रम के तहत महिलाओं की आय बढ़ाने और सतत आजीविका प्रदान करने का लक्ष्य है।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने जल संरक्षण के लिए संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, पशु पालन विभाग, पंचायत विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



### सफाई के उपायों पर चर्चा

इस दौरान स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया गया और ग्राम में साफ-सफाई रखने के लिए किए जा रहे उपायों के बारे में चर्चा की गई। स्वच्छ भारत अभियान के तहत विभिन्न ग्रामों में साफ-सफाई की गई। कार्यक्रम में संगम अभियान के उद्देश्यों के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

### ग्रामों में भू-जल संवर्धन के कार्य योजनाओं के बारे में दी जानकारी

कार्यक्रम में उपस्थित स्वसहायता समूह की महिलाओं एवं ग्रामीणों को ग्रामों में भू-जल संरक्षण व संवर्धन के कार्य योजनाओं के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों से भविष्य में पानी की समस्या से बचने के लिए भू-जल संरक्षण व संवर्धन के लिए करने का आग्रह किया गया। कृषकों से फसल चक्र परिवर्तन विषय पर चर्चा की गई और किसानों से धान के बदले कम पानी की खपत वाले अन्य फसल लेने का आग्रह किया गया। उन्हें अलग-अलग किस्म के फसलों से होने वाले लाभ के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।



### होली मिलन समारोह आयोजित



**राजनांदगांव।** राजनांदगांव शहर मंडल छग डड़सेना सिन्हार कलार समाज दीवानटोला मोतीपुर सिन्हा भवन में 22 मार्च को होली मिलन समारोह एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। साथ ही राजनांदगांव जिला कलार समाज के निर्वाचित मुख्य संगठन, युवा संगठन, महिला संगठन पदाधिकारियों एवं राजनांदगाव नगर निगम सिन्हा समाज से निर्वाचित पार्षदों का सम्मान किया गया। इस दौरान समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल थे। समारोह में नाथूराम सिन्हा, जयदीप सिन्हा, सुनीता सिन्हा, अंजनी सिन्हा, चन्द्रिका प्रसाद सिन्हा, शिवशंकर डड़सेना, पूनम सिन्हा, टीकम सिन्हा, खोमलाल सिन्हा, निर्मला सिन्हा, चंद्रा सिन्हा, हंसा सिन्हा, पूर्णिमा सिन्हा, अनीता सिन्हा, पुष्पा सिन्हा, वर्षा शरद सिन्हा, रवि सिन्हा, अमृता मोहन सिन्हा, रीना सिन्हा समेत अन्य लोग शामिल थे।

# दूसरे दिन बारिश से मैच धुला

## दिग्विजय स्टेडियम में क्रिकेट स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा संचालित सीनियर ग्रुप की अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता का तीसरा मैच स्थानीय दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन विरुद्ध रायपुर जिला क्रिकेट एसोसिएशन ब्लू के मध्य प्रारंभ हुआ। जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस मैच के पहले दिन बारिश के चलते मैच केवल 39 ओवर का खेला गया। जिसमें रायपुर ने मात्र 128 रन पर अपने 05 विकेट गंवा दिए। रायपुर जिला क्रिकेट एसोसिएशन ब्लू की ओर से एकमात्र बल्लेबाज अविनाश सिंह ने 45 बॉल में 41 रन 6 चौके की मदद से बनाए। वहीं ओपनर बल्लेबाज ऋषि शर्मा एवं आशीष कुमार ने 21-21 रन का सहयोग अपनी टीम को किया।

जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव द्वारा आयोजित चार दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में टॉस जीतकर रायपुर ने बल्लेबाजी करने का निश्चय किया, परंतु उनका यह निर्णय टीम पर भारी पड़ने लगा और भिलाई के गेंदबाजों की सटीक गेंदबाजी के सामने रायपुर के बल्लेबाज विकेट में टिक नहीं पाए। भिलाई की ओर से गेंदबाजी करते नमन ध्रुव ने जहां 10 ओवर में 02 विकेट एवं दरवेश सिंह, चिन्मय विश्वकर्मा व शुभम सिंह ने एक-एक विकेट हासिल किया। हालांकि सुबह हुई तेज बारिश के चलते मैच में विघ्न पड़ गया और आज दूसरे दिन मैच में एक भी बॉल नहीं पड़ी।

जिला क्रिकेट एसोसिएशन के मैदान प्रभारी सुजीत द्विवेदी ने बताया कि पिच के गीले होने के कारण मैच में बाधा आई है। जैसे ही पिच सूखेगी मैच तीसरे दिन फिर से खेला जाएगा। उक्त मैच चार दिवसीय खेला जाना है। उपरोक्त जानकारी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के प्रवक्ता लक्ष्मण लोहिया ने दी है।

# आदिवासी गांव सहपाल में सिविक एक्शन प्रोग्राम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

44वीं वाहिनी भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल की ईसीओबी बसेली द्वारा जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ चौकी के आदिवासी गांव सहपाल में 23 मार्च को सिविक एक्शन प्रोग्राम एवं मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अजिथ अगस्टीन बैनी सहायक सेनानी एवं डॉ. सागर ओफालकर चिकित्सा अधिकारी 44वीं वाहिनी भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल तथा ईसीओबी बसेली के पदाधिकारियों /कर्मियों एवं सहपाल गांव के सरपंच लाल सहाय तुलावी की देख-रेख में संपन्न किया गया।

इस अवसर पर सामाजिक दायित्वों के निर्वहन और ग्रामीण उत्थान को ध्यान में रखते सहपाल में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीणों को खेतीबाडी के औजार गैंती, फावडा, खुरपी, छाता, मच्छरदानी, दूरदराज स्कूल में जाने वाले बच्चों को साइकिल, सिलाई मशीन, महिलाओं को घर में इस्तेमाल होने वाले बर्तन, स्वच्छ पानी के लिए वाटर फिल्टर और गांव की स्कूल के लिए 500 लीटर वाटर टैंक प्लास्टिक वितरित किया गया।




### चिकित्सा परामर्श के साथ दवाईयों का वितरण

डॉ. सागर ओफालकर चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व में चिकित्सा परामर्श शिविर लगाकर गांव के स्थानीय निवासियों को आवश्यकतानुसार दवाईयां वितरण की गई। ग्रामीणों को स्वास्थ्य एवं साफ-सफाई के प्रति जागरूक तथा ग्रर्मियों के मौसम में होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही अपने खानपान के प्रति सजग रहने प्रेरित किया गया और नशामुक्ति के विषय पर ग्रामीणों को नशे से दूर रहने हेतु आह्वान किया। नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताया और युवाओं से आग्रह किया कि वे तम्बाकू, शराब और अन्य नशीले पदार्थों से दूर रहे। ग्रामीणों को समझाया गया कि नशा न केवल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है।

# कर्मा जयंती 13 अप्रैल को

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मोतीपुर इकाई साहू समाज द्वारा 13 अप्रैल को भक्त शिरोमणी माता कर्मा जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। जिसके लिए समाज द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई है। समाज के वरिष्ठ सलाहकार महेश साहू ने बताया कि 13 अप्रैल को साहू समाज की अधिष्ठात्री देवी भक्त शिरोमणी माता कर्मा की जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए समाज के युवाओं व महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित हो एवं सफल आयोजन के लिए समाज के युवाओं व महिलाएं बढ़-चढ़कर हिस्सा ले।

समाज के अध्यक्ष बृजलाल साहू ने बताया कि 25 मार्च को भक्त शिरोमणी माता कर्मा जयंती प्रदेशभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इसी के तारतम्य में मोतीपुर इकाई साहू समाज द्वारा सामाजिक भवन में सुबह 08 बजे मां कर्मा की पूजा-आरती व खिचड़ी प्रसादी का वितरण किया जाएगा एवं 13 अप्रैल को मोतीपुर इकाई साहू समाज मां कर्मा जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा। आयोजन सुबह 10 बजे से समाज प्रमुखों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर मां कर्मा की पूजा अर्चना के साथ आयोजन का शुभारंभ होगा। इसके बाद छोटे-छोटे



बच्चों का मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के साथ अतिथियों का आगमन व स्वागत भाषण होगा। समाज को गौरवान्वित करने वाले युवक-युवतियों व समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान होगा। इसके बाद खिचड़ी महाप्रसादी का वितरण होगा।

बैठक में महेश साहू, देवनारायण साहू, गोपाल साहू, कार्तिक साहू, लल्लूराम साहू, नोहर साहू, दीपक साहू, भागवत साहू, वासुकी साहू, हरकराम साहू, गिरधर साहू, संतोष साहू, रोहित साहू, अमरीका साहू, अनिता साहू, मीरा साहू, शांति साहू, रत्ना साहू, लता साहू, जागेश्वरी साहू, इंदिरा साहू, जैनबाई साहू, बिन्दु साहू, बेदियाबाई, प्रेमलता साहू, वंदना साहू सहित सामाजिकजन उपस्थित थे।

# आज के युवक-युवती चुनते हैं मनपसंद साथी

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव की राजनांदगांव महानगर इकाई द्वारा रविवार को प्रदेश स्तरीय सामाजिक युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम गांधी सांस्कृतिक भवन म्युनिसिपल स्कूल ग्राउंड में सुबह 11 बजे से शुरू हुआ।

लंबे समय बाद आयोजित सम्मेलन में छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य, पारंपरिक राउत नाचा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ स्वजातीयजनों के स्वास्थ्य परीक्षण तथा ड्राइविंग लाइसेंस शिविर का आयोजन भी किया जा रहा है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग एवं क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय का सहयोग लिया गया। युवक-युवती सम्मेलन के मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडे का छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन में शामिल होने पर स्वजातीय बंधुओ द्वारा खुमरी, फूलमाला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंटकर व यादव डंडा (लाठी) से स्वागत-सम्मान किया। समाज प्रमुखों ने सांसद के समक्ष अपनी बात रखी और अपनी सामाजिक गतिविधियों के बारे में सांसद को अवगत कराया। सांसद संतोष पांडे ने समाज को संगठित और एक साथ मिलजुल कर रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि आज के युवक-युवती अपने मनपसंद जीवन साथी को चुनते हैं और अपना खुशहाल जिंदगी जीते हैं। ऐसे आयोजन के होने से युवक-युवतियों में उत्साह देखा गया और एक-दूसरे को जानने-समझने का एक बहुत बढ़िया माध्यम है।



### संघ के 4 खिलाड़ी राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए रवाना

**राजनांदगांव।** 6वीं एनटीपीसी चेरूकुरी लेनिन वोल्गा मेमोरियल मिनी (अंडर-10) ओपन राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन 22 से 25 मार्च तक गुंटूर आंध्रप्रदेश में आयोजित है। जिसमें संस्कारधानी तीरंदाजी संघ के 2 खिलाड़ी वेदिका नेताम व हुमेंद्र नेताम का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने हुआ है। विदित हो कि उक्त दोनों खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं।

संस्कारधानी तीरंदाजी संघ के कोच राहुल साहू एवं कुशल रजक ने बताया कि इसी प्रकार 14वीं एनटीपीसी चेरूकुरी लेनिन वोल्गा मेमोरियल मिनी (अंडर-15) राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन 26 से 30 मार्च तक गुंटूर आंध्रप्रदेश में आयोजित है। जिसमें संस्कारधानी तीरंदाजी संघ के 2 खिलाड़ी संस्कार वर्मा रिकर्व खिलाड़ी एवं युग निर्मलकर कंपाउंड खिलाड़ी का चयन राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में भाग लेने हुआ है।

### 32 दावा प्रकरणों में 36 लाख का हुआ भुगतान

**राजनांदगांव।** शासन द्वारा तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार के पंजीकृत मुखिया की आकस्मिक मृत्यु अथवा दुर्घटना से मृत्यु या दिव्यांगता की स्थिति में परिवार के सदस्यों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से राजमोहिनी देवी तेन्दूपत्ता संग्राहक सामाजिक सुरक्षा योजना की शुरूआत की गई है। योजना का संचालन वन विभाग एवं छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित के समन्वय से किया जाता है। जिले में राजमोहिनी देवी तेन्दूपत्ता संग्राहक सामाजिक सुरक्षा योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 में कुल 32 दावा प्रकरणों को निराकृत करते 36 लाख 20 हजार रुपए का भुगतान किया गया है। राजमोहिनी देवी तेन्दूपत्ता संग्राहक सामाजिक सुरक्षा योजना अंतर्गत तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य में लगे पंजीकृत संग्राहक परिवार के 50 वर्ष तक के मुखिया की सामान्य मृत्यु होने पर नामांकित व्यक्ति व उत्तराधिकारी को 2 लाख रुपए का अनुदान सहायता राशि प्रदान की जाती है। दुर्घटना से मृत्यु होने पर 2 लाख रुपए अतिरिक्त रूप से प्रदान की जाती है।

# जन्म कल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास से मना

- सामाजिकजनों ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जैन सम्प्रदाय के प्रथम तीर्थकर ऋषभदेव आदिनाथ भगवान का जन्म कल्याणक महोत्सव 23 मार्च को उत्साह और उमंग के साथ दिगंबर जैन मंदिर गंज लाइन में मनाया गया।

शोभायात्रा के पश्चात आदिनाथ भगवान की खड्गासन प्रतिमा का महा मस्तकाभिषेक विद्वान शास्त्री एवं प्रभात भैया के मार्गदर्शन में चंद्रकांत जैन द्वारा बोलियो के माध्यम से पात्रों का चयन करते सौधर्मे इंद्र, कुबेर इंद्र, ईशान इंद्र, महेंद्र इंद्र बनकर श्रावक सृष्टिजनों ने अभिषेक एवं शांति धारा कर पुण्य लाभ लिया। तत्पश्चात भगवान की महाआरती समाज के सभी श्रावकों ने सामूहिक रूप से की। इसके बाद आदर्श महिला मंडल द्वारा स्वल्पाहार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने एवं अहिंसा धर्म की प्रभावना के लिए जैन समाज के अध्यक्ष अशोक झंझरी, पीसी जैन, पप्पू भैया, कोषाध्यक्ष सुधेश जैन, रविकांत जैन, पूनम जैन, पार्षद राजेश जैन, राजीव जैन, अनिल जैन, अखिलेश जैन, ललित जैन, महिला मंडल अध्यक्ष सीमा जैन, मनोज जैन ने उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया। उक्त जानकारी दिगम्बर जैन पंचायत के सचिव सूर्यकांत जैन ने दी।



### हर्षोल्लास से निकली शोभायात्रा

समाज के सचिव सूर्यकांत जैन ने बताया कि सुबह 08 बजे भगवान श्री आदिनाथ की शोभायात्रा शहर भ्रमण एवं अहिंसा धर्म प्रभावना के लिए निकली। जिसमें समाज की महिला, पुरूषों एवं बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शोभायात्रा में जैन आदर्श महिला मंडल ने विशेष पोशाक पहनकर शोभायात्रा को आकर्षक बनाया। वहीं जैन समाज के युवा साथियों ने भगवान के रथ को स्वयं अपने हाथों से खींचा और भक्ति के साथ भजन गाते शोभायात्रा जैन पताका फहराते गंज लाइन, भरकापारा, लोहारपारा, गंज चौक, रामाधीन मार्ग होते हुए मंदिर में समापन किया गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com




23 मई से 03 जून 2025, 06 जून से 17 जून 2025, 25 जुलाई से 05 अगस्त (सावन में) (12 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

नेपाल विदेश यात्रा

पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी

नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।

राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411

## निरीक्षण: उपमुख्यमंत्री ने भोरमदेव महोत्सव स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिए निर्देश

# भोरमदेव महोत्सव छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है: श्री शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने रविवार को छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक, पुरातात्विक, धार्मिक एवं पर्यटन महत्व की धरोहर भोरमदेव महोत्सव की तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आयोजन स्थल का दौरा कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने भोरमदेव महोत्सव के आयोजन से संबंधित सभी व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया।

उन्होंने आयोजन स्थल पर पहुंचकर कार्यक्रम की रूपरेखा की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके पहले उन्होंने मंदिर परिसर में अधिकारियों की बैठक लेकर, अतिथियों के आगमन, पेयजल, बिजली, पार्किंग, कार्यक्रमों और सुरक्षा व्यवस्था के अलावा अन्य सभी पहलुओं की विस्तार से जानकारी ली।

भोरमदेव महोत्सव का आयोजन प्रदेश के ऐतिहासिक और पुरातात्विक धरोहर स्थल भोरमदेव में दो दिवसीय कार्यक्रम के रूप में किया जाएगा। इस महोत्सव में प्रदेश की संस्कृति, कला, और परंपराओं को बढ़ावा दिया जाएगा और यह पर्यटन के क्षेत्र में भी एक महत्वपूर्ण अवसर साबित होगा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित किया जाए ताकि महोत्सव में आने वाले श्रद्धालु और पर्यटक किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करें।

### भोरमदेव महोत्सव राज्य की संस्कृति को बढ़ावा देगा डिप्टी सीएम



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि भोरमदेव महोत्सव छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर को प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा की पहल से इसकी तैयारी और संचालन पूरी तरह से सुव्यवस्थित और भव्य तरीके से किया जाएगा। इस महोत्सव का आयोजन न केवल राज्य की संस्कृति को बढ़ावा देगा, बल्कि पर्यटन के क्षेत्र में भी एक नया आयाम जोड़ेगा।

### भोरमदेव मंदिर ऐतिहासिक धरोहर

भोरमदेव मंदिर का निर्माण फणीनागवंशी शासकों द्वारा 11वीं शताब्दी में किया गया था। यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है और इसकी दीवारों पर उत्कृष्ट मूर्तिकला अंकित है। मंदिर के परिसर में प्राचीन शिवलिंग और अन्य ऐतिहासिक संरचनाएं भी मौजूद हैं, जो इसकी धार्मिक एवं पुरातात्विक महत्ता को रेखांकित करती हैं। भोरमदेव महोत्सव और मंदिर का ऐतिहासिक महत्व इसे छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर में विशेष स्थान प्रदान करता है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के इस दौरे से महोत्सव की भव्यता और आयोजन की गुणवत्ता को और मजबूती मिलेगी।

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भोरमदेव सब्जी बाजार से खरीदे चिरपोटी पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भोरमदेव महोत्सव की तैयारियों का निरीक्षण करने रविवार को भोरमदेव पहुंचे कवर्धा विधायक एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भोरमदेव में लगे सब्जी बाजार में खरीदी भी की। इस दौरान उन्होने स्थानी सब्जी विक्रेताओं व दुकानदारों द्वारा बाजार में लगाए गए पसरा में चिरपोटी पताल खरीदे। वहीं बाजार से चना का होरा भी खरीदा और उसका स्वाद लिया। उप मुख्यमंत्री ने यहां बिक रहे बोइर कुट का भी स्वाद लेकर बचपन की यादों को ताजा किया। बाजार में स्थानीय ग्रामीणों से खरीदी करते देख दुकानदारों में काफी खुशी देखी गई।



### कोलेगांव में उल्लास नवभारत राष्ट्रव्यापी परीक्षा महा अभियान का आयोजन

**हरिभूमि कोलेगांव।** ग्राम कोलेगांव स्थित शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला में रविवार को ग्राम पंचायत कोलेगांव में उल्लास नवभारत राष्ट्रव्यापी परीक्षा महा-अभियान में गांव के असाक्षर महिला-पुरुष परीक्षा दिलाया गया, जिसमें महिलाओं पुरुष ने चढ़-बढ़कर हिस्सा लिया एक त्यौहार की तरह मनाया गया। मिली जानकारी के अनुसार शासकीय प्राथमिक शाला स्कूल कोलेगांव में 40 लोगों का लक्ष्य दिया गया था, जिसमें प्राथमिक शाला कोलेगांव में 11 पुरुष व 29 महिला ने परीक्षा दिलाया गया। इस प्रकार अपना लक्ष्य प्राथमिक शाला कोलेगांव असाक्षरों को परीक्षा में बैठाकर लक्ष्य पूरा किया, जिसमें उल्लास साक्षरता कार्यक्रम राष्ट्रव्यापी महा परीक्षा अभियान को सफल बनाने में विशेष योगदान प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक नारद साहू, पर्यवेक्षक जांचकर्ता विवेक शर्मा, पर्यवेक्षक जांचकर्ता रोशनी शर्मा, स्वयंसेवी प्रेरक दिनेश पांडेय, संगीता साहू, श्रीमती राधा साहू, बिसेन साहू, बीनू साहू, ओमप्रकाश साहू, मनोज साहू, धर्मेंद्र साहू, भीष्म साहू, आरती गोस्वामी, चंद्रिका साहू व सुमित चंद्राकर का सराहनीय योगदान रहा।

# पौनी में पंच कुण्डीय गौरी-शंकर रुद्र महायज्ञ का आयोजन, उमड़ रही भक्तों की भीड़

- पंच कुण्डीय गौरी-शंकर रूद्र महायज्ञ के आयोजन से क्षेत्र में भक्तिमय का माहौल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम पौनी में आयोजित पंच कुण्डीय गौरी-शंकर रुद्र महायज्ञ एवं मानस सम्मेलन में आज सप्तम दिवस में मानस के क्रांतिकारी प्रवक्ता दुल्लापुर से पधारे हरेकृष्ण शुक्ला महाराज द्वारा ग्राम पौनी व आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों व भक्तजनों को कथा के माध्यम से बताया कि गौ-माता के विषय मे प्रकाश डालते हुए बताया की बिहारी कवि कहते है



शीश मुकुट कटी काछनी कर मुरली धनु हाथ एहि बानक मो मन बसे सदा बिहारी लाल हे भगवान आप मुरली लेकर मेरे हृदय में विराजिए और गोस्वामी तुलसीदास कहते है धर मुरली मुरली रख दीजिए तुलसी मस्तक तब नवे जब धनुष बाण लौ हाथ गोस्वामी तुलसी दास भगवान कृष्ण के विरोधी नही थे तभी तो कृष्ण गीतावली भी लिखे है किंतु जैसे ही भगवान कृष्ण को मुरली बजाते हुए गोस्वामी ने देखा नाथ जिस देश मे सूर्योदय होते होते लाखो गाय काट दी जाती हो वहां आपको गोपाल कहके कैसे पुकारू नाथ तुलसी मस्तक जब नवे जब धनुष बाण लौ हाथ आवश्यकता धनुष बाण की है आज गौ-माता की रक्षा करने की जरूरत है गौ-माता हमारी रक्षा करेगी नही तो ओ दिन दूर नही जब देश विनास की ओर कगार रहेगा। गौ- माता के गौचर भूमि को हम लोगो ने कब्जा कर लिया है तो गौ-माता हमारी खेत के फसल में न जाए तो कहा जाए साथ ही 500 वर्ष की इंतजार के बाद अयोध्या में जो भगवान श्री राम मंदिर निर्माण हुआ है, उनका दर्शन जरूर कीजिए। इस दौरान मानस प्रवचन में नव-निर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष नंदनी साहू, गौ-सेवा आयोग अध्यक्ष विशेषर पटेल, नंदलाल चन्द्राकर, रवि साहू, सरपंच प्रतिनिधि विष्णु साहू, बसंत शुक्ला, शिव शुक्ला सहित आसपास क्षेत्र के ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित होकर रूद महायज्ञ कथा रसपान कर अपने जीवन को कृतार्थ कर रहें है।

### मां महामाया सेवा समिति का 116वां सफाई अभियान सम्पन्न




**हरिभूमि पंडरिया।** नगर पंचायत पंडरिया में रचनात्मक कार्यों में अग्रणी पंडरिया नगर के योद्धाओं और मातृ शक्ति के द्वारा सर्वत्र स्वच्छता का संदेश जन जागरूकता के साथ मां महामाया मंदिर परिषर, सड़क तथा शनि मंदिर परिषर की साफ सफाई कर नवरात्रि से पहले भक्ति भाव से सफाई कार्यपुष्प आराध्य के चरणों में समर्पित किया गया। मिली जानकारी के अनुसार यह अभियान 2 अक्टूबर 2017 से प्रति रविवार 2 घंटे स्वच्छता कार्य के रूप में मां महामाया सेवा समिति द्वारा संचालित है, आज के 116वां चरण सफाई अभियान में संस्कृति महिला ग्रुप श्रीमती अर्चना सिंह, शैल बिशन, उर्वशी चंद्रवंशी का विशेष सहयोग मिला साथ ही महिला प्रमुख श्रीमती संगीता हलवाई, विजया लक्ष्मी शर्मा, पुष्पा चौबे, गर्ल्स ग्रुप से राधिका अहिरवार, ज्योति कुर्रे व मां महामाया सेवा समिति अध्यक्ष, सांसद प्रतिनिधि संजय सोनी, सचिव अभिषेक शर्मा, सक्रिय पार्षद अनुराग सिंह, बालमुकुंद शेरा धावलकर और उनकी टीम सालिक, दीपचंद, संतोष, सुरेश, शिव, शरद, सुमित, पार्षद संदीप साहू, मोहन राजपूत, राजीव श्रीवास्तव, प्रफुल्ल बिसेन, समिति प्रबंधक मनेंद्र शांडिल्य, मनीष सोनी, रेहूटा नवनिर्वाचित सरपंच मोहित महिलांग, युवा प्रमुख मनीष पांडेय, राजू सोनी, अथर्व सोनी, जीवन देवांगन रिंकू हलवाई, मोती शुक्ला, प्रदेश युवा मोर्चा कार्यकारणी प्रियेश शुक्ला के साथ नगर के सक्रिय, जागरूक और उत्साही जनमानस तथा प्रबुद्धजनों का विशेष सहयोग रहा। इस आयोजन सफाई अभियान में पंडरिया सीएमओ अभिषेक सिंह का विशेष मार्गदर्शन नगर पालिका परिषद टीम का महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ।

# अपराध में संलिप्त तीन आरोपी किए गए गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा।

जिला कबीरधाम थाना भोरमदेव क्षेत्र में पंजीबद्ध अपराध क्रमांक 23/22 धारा 294, 323, 506, 354, 452, 34 भारतीय दंड संहिता एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धारा 3 (1) (ब) के तहत गंभीर अपराधों में संलिप्त तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के विरुद्ध माननीय सत्र न्यायालय, कबीरधाम द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी किए जाने के बाद उनके विरूद्ध यह कार्यवाही की गई है। इस संबंध में पुलिस प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार थाना भोरमदेव जिला कबीरधाम में पंजीबद्ध अपराध क्रमांक 23/22 धारा 294, 323, 506, 354, 452, 34 भारतीय दंड संहिता एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धारा 3(1) (ब) के तहत गंभीर अपराधों में संलिप्त आरोपी जोएब उल्ला उर्फ जुबी खान पिता अजमल उल्ला खान आयु 35 वर्ष निवासी घोंघा, थाना बोड़ला, बिसाहू बैगा पिता भूरा बैगा आयु 27 वर्ष निवासी चौरा थाना भोरमदेव तथा हिरउ बैगा पिता मोनू बैगा आयु 25 वर्ष निवासी चौरा थाना भोरमदेव जिला कबीरधाम के विरूद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी होने पर उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से तीनो आरोपियों को जेल दाखिल कर दिया गया है।

### आउटपुट-आउटकम मॉनिटरिंग फ्रेमवर्क के आधार पर निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

राज्य में आउटपुट-आउटकम मॉनिटरिंग फ्रेमवर्क के आधार पर योजना की निगरानी की जाएगी। इसे लेकर राज्य नीति आयोग व नीति आयोग के डेवलपमेंट मॉनिटरिंग एंड इवैल्यूएशन ऑफिस के सहयोग से मॉनिटरिंग एंड इवैल्युएशन विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई।

# प्रदेश सरकार छत्तीसगढ़ व्यवसायियों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही: योगेश्वर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

छत्तीसगढ़ प्रदेश प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण है, इसलिए देश-विदेश की स्थापित कम्पनीओ ने यहां अपने संयंत्र स्थापित किए हैं। जिनमे पॉवर, स्टील, सीमेंट एवं एल्युमीनियम के उद्योग यहां कई दशकों से सफलता पूर्वक फल-फूल रही हैं। जिस पर स्थानीय युवा नेता कांग्रेस इंजीनियर योगेश्वर चन्द्राकर ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ के लोगो के साथ अन्याय हो रहा है और प्रदेश भाजपा सरकार बाहरी लोगों को लगातार सरंक्षण देने का काम कर रही है।



छत्तीसगढ़ियां लोगों के लिए इनके मन में कालापन है और छत्तीसगढ़ में आज लोगों को अपने अधिकारों के लिए लड़ना पड़ रहा है, इससे दुर्भाग्य की क्या बात होगी? उन्होने बताया कि इन संस्थानों के अधिकारी स्थानीय व्यवसायियों को कार्या-देश तथा मटेरियल सप्लाई के आदेश देने से इनकार कर रहे हैं तथा प्रदेश के बाहर के व्यवसायियों को अपने संयंत्र में कार्य करने एवं मटेरियल सप्लाई के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं, यहां तक की छत्तीसगढ़ के स्टॉकिस्ट के सामने ही उनकी कंपनियों को बोला जा रहा है की काम करना है तो इन को हटाओ। इस स्थिति में छत्तीसगढ़ के व्यवसायियों के साथ भाजपा प्रदेश सरकार को भी राजस्व हानि होने की सम्भावना है, ज्यादातर खरीदी राज्य के बाहर से होने की स्थिति में आईजीएसटी भरा जाएगा परिणाम स्वरूप एसजीएसटी 9 प्रतिशत की हानि होगी जो की प्रतिवर्ष कई हजार करोड़ हो सकती है। साथ ही साथ प्रदेश में बेरोजगारों की संख्या बढ़ जाएगी और बेरोजगार इंजीनियर निगम पंचायत में ठेकेदारी ही करते रह जाएंगे स्किल डेवलपमेंट नहीं हो पाएगी और छत्तीसगढ़ कभी भी इंजीनियरिंग मैनुफैक्चरिंग हब नहीं बन सकेगा। जिस पर श्री चंद्राकर ने भाजपा प्रदेश सरकार को इस ओर ध्यान देने तथा छत्तीसगढ़ के स्थानीय लोगों को अवसर दे। इन संस्थानों से प्रतिवर्ष खरीदी का डाटा प्राप्त करे और इन्हे इंजीनियरिंग प्रोडक्ट्स के लिए छत्तीसगढ़ में जीएसटी नंबर वाली कंपनियों एवं उनके डिस्ट्रीब्यूटर्स से काम करने के लिए आदेश दें।

# नेटवर्क फॉर कंजर्विंग सेंट्रल इंडिया का चौथा एग्रोबायोडायवर्सिटी राउंडटेबल: कान्हा परिदृश्य में कोदो-कुटकी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

विगत दिनों 19 व 20 मार्च को कान्हा परिदृश्य में जहां सूखा-प्रतिरोधी छोटे बाजरे जैसे कोदो और कुटकी आज भी सामाजिक और कृषि महत्व रखते हैं, नेटवर्क फॉर कंजर्विंग सेंट्रल इंडिया ने अपना चौथा एग्रोबायोडायवर्सिटी राउंडटेबल एमपीटी जंगल रिजॉर्ट, सरही गेट, कान्हा टाइगर रिजर्व में आयोजित किया।

कार्यक्रम में नागरिक समाज संगठनों, किसान उत्पादक संगठनों, स्व-सहायता समूहों, अनुसंधान संस्थानों और गैर-सरकारी संगठनों के विभिन्न हितधारकों को एक साथ लाया गया ताकि परिदृश्य-आधारित कोदो-कुटकी ब्रांड विकसित करने, खाद्य सुरक्षा उपायों में सुधार और पारंपरिक ज्ञान को कोदो-कुटकी संरक्षण और खाद्य सुरक्षा विज्ञान में एकीकृत करने पर चर्चा की जा सके। राउंडटेबल अगस्त 2023, जनवरी 2024 और अगस्त 2024 में पिछले सत्रों से प्राप्त अंतर्दृष्टियों और कार्य योजनाओं पर आधारित था। प्रमुख विषयों में मिलेट्स के पोषण, पारिस्थितिक और सांस्कृतिक महत्व को बढ़ावा देने वाली विपणन रणनीतियाँ और कोदो-कुटकी में फंगल प्रदूषण से संबंधित खाद्य सुरक्षा चुनौतियाँ शामिल थीं। चर्चा में भाग लेने वाले संगठनों में कीस्टोन फाउंडेशन, एम एस एस आर एफ, पैगाम, प्रदान, कोको राइट बेकरी, डब्लू डब्लू एफ-इंडिया, समर्थ चैरिटेबल ट्रस्ट, अर्थ फोकस फाउंडेशन, रिलायंस फाउंडेशन, नर्मदा सेल्फ रिलायंट फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी, परसाटोला स्व-सहायता समूह, ग्रामोदय ग्राम विकास समिति छत्तीसगढ़, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, बालाघाट सामुदायिक विकास केंद्र और राष्ट्रीय महिला, बाल और युवा विकास संस्थान उपस्थित थे।

राउंडटेबल की प्रमुख आकर्षण कोको गांव, मंडला जिले के बिछिया तहसील में स्थित कोको राइट बेकरी और प्रसंस्करण इकाई का फील्ड दौरा था, जो मिलेट-आधारित मूल्य-वर्धित उत्पाद जैसे कुकीज का उत्पादन करती है। बैठक चर्चा में महिला-संचालित पहल, जिसका नेतृत्व जमीला बेगम कर रही हैं, विभिन्न चुनौतियों पर विचार-विमर्श हुआ, जिसमें पारंपरिक कोदो-कुटकी को संरक्षित करते हुए स्थायी आजीविका उत्पन्न करने के प्रयास शामिल थे। इसके बाद बोड़ला तहसील, कबीरधाम जिले, छत्तीसगढ़ में स्थित धवईपानी प्रसंस्करण मिल और बीज बैंक का भ्रमण किया गया, भ्रमण टीम का नेतृत्व ग्रामोदय ग्राम विकास समिति,छत्तीसगढ़ के कार्यकारी निदेशक चंद्रकांत यादव द्वारा किया गया।

यहां समुदाय-संचालित, मुख्य रूप से महिलाओं द्वारा नेतृत्व किए गए बीज संरक्षण और कोदो-कुटकी प्रसंस्करण के प्रयासों के बारे में जानकारी प्राप्त हुई, जो बुनियादी ढांचे की चुनौतियों के बावजूद आगे बढ़ रहे हैं। हमें कोदो-कुटकी पुनर्जीवन में महिलाओं और उनके प्रयासों को केंद्र में रखना चाहिए, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के शोधकर्ता डॉ मनोज चौधरी, एमएसएसआर एफके डॉ जेगन शेखर ने कोदो-कुटकी में फंगल प्रदूषण से उत्पन्न खाद्य सुरक्षा चुनौतियों पर भी चर्चा की।

### समारोह में शामिल हुए जिले के सर्व कुर्मी समाज के 8 उपजाति प्रमुख

# छत्तीसगढ़ कुर्मी क्षत्रिय समाज ने होली मिलन में किया 85 नव-निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ जिला कुर्मी क्षत्रिय समाज कबीरधाम के नेतृत्त्व में शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस भव्य आयोजन को कुर्मी छात्रावास में आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्व कुर्मी समाज अध्यक्ष लालजी चंद्रवंशी, नंदलाल चंद्राकर, राजेंद्र चंद्रवंशी, मोतीराम चंद्रवंशी, ममता चंद्राकर, कैलाश चंद्रवंशी, चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी द्वारा लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के तैलचित्र में दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। होली मिलन व सम्मान समारोह में जिले के सर्व कुर्मी क्षत्रिय समाज के 8 उपजाति के प्रमुख शामिल हुए। जिनकी उपस्थिति में त्रिस्तरीय पंचायत राज में नव-निर्वाचित 85 जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया।

जिसमे प्रमुख रूप से जिला व जनपद सदस्य, नगर पालिका, नगर पंचायत अध्यक्ष, सदस्य व सरपंच शामिल थें। होली मिलन समारोह पर सर्व कुर्मी समाज अध्यक्ष लालजी चंद्रवंशी ने कहा कि नव-निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्होने जनप्रतिनिधियों व समाज प्रमुखों से अपील की गई कि वे सामाजिक उत्थान व समाज को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने में सराहनीय भूमिका निभाएंगे।

श्री चंद्रवंशी ने कहा कि सामाजिक कुरीतियों को दूर करने की दिशा में भी अपनी सहमति जताई साथ ही साथ समाज प्रारंभ से ही मेहनतकश और कृषि आधारित कार्यो पर निर्भर है। जिन्हे सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक रूप से समृद्ध करने की जरूरत है।

इस अवसर पर अन्नपूर्णा चंद्राकर, परेटन वर्मा, लक्ष्मण चंद्रवंशी, दिनेश चंद्रवंशी, बद्री वर्मा, अजित चंद्रवंशी, हेमंत सिंगरौल, शिव प्रसाद वर्मा, मुकुंद माधव कश्यप, तुलस कश्यप, टेकसिंह चंद्रवंशी, शिवकुमार चंद्रवंशी, लाल बहादुर चंद्रवंशी, भुनेश्वर चंद्राकर, सुषमा चंद्रवंशी, सुरेखा चंद्रवंशी, मधु चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में सर्व कुर्मी क्षत्रिय समाज के गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थें।

# ऐतिहासिक और भव्य होगा भोरमदेव महोत्सव, तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

ऐतिहासिक, धार्मिक एवं पुरातात्विक महत्व के विश्व प्रसिद्ध दर्शनीय स्थल भोरमदेव मंदिर में होने वाले दो दिवसीय महोत्सव की तैयारियों का जायजा लेने रविवार को कवर्धा विधायक एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा भोरमदेव पहुंचे।

जहां उन्होने 26 एवं 27 मार्च को आयोजित होने वाले दो दिवसीय महोत्सव की तैयारियों का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान पत्रकारों से रूबरू होते हुए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि भोरमदेव महोत्सव हमारी परम्परा बन चुका है। उन्होने कहा कि बीते कुछ वर्षो से इस महोत्सव की सिर्फ खानापूर्ति की जाती रही लेकिन इस बार यह महोत्सव भव्य और खास होगा। उन्होने कहा कि इस वर्ष महोत्सव में कई खास कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमें जिला स्तर से लेकर प्रदेश स्तर के ख्याति प्राप्त कलाकारों के अलावा देश के प्रख्यात शिव भजन गायक हंसराज रघुवंशी भी अपनी प्रस्तुति देंगे।

श्री शर्मा ने कहा कि कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों को भी प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने मंदिर परिसर में अधिकारियों की बैठक लेकर, अतिथियों के आगमन, पेयजल, बिजली, पार्किंग, कार्यक्रमों और सुरक्षा व्यवस्था के अलावा अन्य सभी पहलुओं की विस्तार से जानकारी ली।

उन्होने कहा कि इस आयोजन को भव्य व ऐतिहासिक बनाने के पूरे प्रयास किए जा रहे हैं। किसी प्रकार की कोई कमी न रह जाए इसलिए ये स्वयं तैयारियों का जायजा लेने यहां पहुंचे हैं। भोरमदेव महोत्सव का आयोजन प्रदेश के ऐतिहासिक और पुरातात्विक धरोहर स्थल भोरमदेव में 26 एवं 27 मार्च 2025 को दो दिवसीय कार्यक्रम के रूप में किया जाएगा। इस महोत्सव में प्रदेश की संस्कृति, कला, और परंपराओं को बढ़ावा दिया जाएगा और यह पर्यटन के क्षेत्र में भी एक महत्वपूर्ण अवसर साबित होगा। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित किया जाए, ताकि महोत्सव में आने वाले श्रद्धालु और पर्यटक किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करें।

भोरमदेव महोत्सव छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है और इस आयोजन को भव्य और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न करना है।

## डॉ.रमन सिंह करेंगे महोत्सव का शुभारंभ



महोत्सव का शुभारंभ 26 मार्च 2025 को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह द्वारा किया जाएगा, जबकि समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा महोत्सव के दोनों दिन उपस्थित रहेंगे और इस कार्यक्रम की भव्यता और सफलतापूर्वक संचालन के लिए निरंतर निगरानी रखेंगे। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशी राम धुर्वे, संतोष पटेल, बोड़ला जनपद उपाध्यक्ष नंद श्रीवास, नीतेश अग्रवाल, मनिराम साहू, पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह छवई, डीएफओ शशिकुमार सिंह, जिला पंचायत सीईओ अजय कुमार त्रिपाठी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल अपर कलेक्टर विनय पोयाम, एसडीएम बोड़ला सुश्री रूचि शार्दुल सहित जिला अधिकारी, जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस कमेटी को होली मिलन समारोह आज



**कवर्धा।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा सोमवार 24 मार्च को होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष होरीराम साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा सोमवार 24 मार्च को जिला मुख्यालय कवर्धा के सिग्नल चौक स्थित कांग्रेस भवन में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश के पूर्व मुख्य मंत्री भूपेश बघेल उपस्थित रहेंगे। उन्होने कांग्रेस के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से कार्यक्रम में शामिल होने का आव्हान किया है।

### अहिरवार समाज का करियर काउंसलिंग 14 को

**कवर्धा।** भारत के शिल्पकार संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के जयंती के अवसर पर गुरु कृपा युवा कल्याण समिति के तत्वाधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर पंचायत बोड़ला के भारत भवन में 14 अप्रैल को दोपहर 3.00 से शाम 6.00 बजे तक अहिरवार समाज के बच्चों का करियर काउंसलिंग आयोजित किया जाएगा। जिसमें कक्षा 10 वीं और 12 वीं में अध्यनरत विद्यार्थियों का करियर काउंसलिंग के साथ-साथ कक्षा चौथी, पांचवी और 9 वीं अध्ययनरत छात्रों की सर्वे सूची तैयार कर ग्रीष्मकालीन समर कैंप आयोजित कर नवोदय विद्यालय की तैयारी कक्षा दसवीं प्रवेश के पूर्व गणित, अंग्रेजी के विषय की तैयारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर कार्य योजना तैयार किया गया है। इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए समिति के अध्यक्ष पूनाराम पनागर ने समाज से अपील की है।

### अवकाश के दिन भी खुले रहेंगे कोषालय

**कवर्धा।** जिले में शासकीय अवकाश के दिन भी कोषालय खुले रहेंगे। वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट से संबंधित देयक 28 मार्च तक कोषालयों व उप कोषालयों में लगाए जाने वाले देयकों को पारित करने के लिए शासकीय अवकाश 29 व 30 मार्च को समस्त कोषालयों व उप कोषालयों को खुला रखने के निर्देश दिए हैं। इससे लोगों को सुविधा होगी।

**अनदेखी:** कई-कई महिनो की शिकातों पर भी अधिकारी नहीं दे रहे हैं कान, किसान व उपभोक्ता परेशान

# खस्ताहाल विद्युत व्यवस्था के प्रति विभागीय अधिकारी गंभीर नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

सत्ता सरकार बदलने के बाद भी जिले के ग्रामीण अंचलों की खस्ताहाल और चरमराई विद्युत व्यवस्था में कोई सुधार देखने को नहीं मिल रहा और सब कुछ पुराने ढर्रे पर ही चल रहा है। आलम ये है कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी के दफ्तरों में बैठे अधिकारी न तो आम उपभोक्ताओं व किसानो की शिकवा शिकायतों पर कान दे रहे हैं और न ही शिकायतों के बाद खस्ताहाल विद्युत व्यवस्था को दुरूस्थ करने की जहमत उठा रहे हैं। जिले के कई उदाहरण जिले के ग्रामीण अंचलों में खुलेआम देखने को मिल रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के विकासखण्ड बोड़ला अंतर्गत ग्राम सिल्हाटी निवासी कृषक पुन्नीलाल साहू पिता रामदयाल साहू के खेत में लगा विद्युत पोल बीते कई महिनो से क्षतिग्रस्त होकर झुका पड़ा है और इसमें कसा हाई वोल्टेज करंट प्रवाहित तार जमीन झूने का आतुर है। जिसे दुरूस्थ कराने पीड़ित किसान श्री साहू द्वारा कई बार पोंड़ी विद्युत कार्यालय में शिकायत की जा चुकी है। लेकिन आज पर्यंत उनकी शिकायत पर विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई है। श्री साहू ने बताया कि जब उनकी शिकायत पोंड़ी विद्युत कार्यालय में नहीं सुनी गई तो उन्होने इसकी जानकारी बोड़ला जाकर सहायक अभियंता को भी दी गई लेकिन उन्होने भी उनकी शिकायत पर कोई गंभीरता नहीं दिखाई और अब भी खेत में लगे पोल की स्थिति जस के तस है। कृषक श्री साहू ने बताया कि उनके खेत में इस समय गन्ना की फसल लगी हुई है और वे और उनका परिवार खेत में रोज कार्य करते हैं। इन दिनो आंधी तूफान का मौसम बना हुआ है ऐसे में यह जीवलेवा विद्युत पोल कभी भी धराशाही हो सकता है और जनहानि का खतरा बना हुआ है। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि विद्युत विभाग जैसे से संवेदनशील विभाग में बैठे अधिकारी लगातार सात माह से शिकवा शिकायत किए जाने के बाद भी इस बात को समझने को तैयार नहीं है। जिसे देखकर ऐसा लगाता है कि ये अधिकारी किसी गंभीर दुर्घटना का इंतजार कर रहे हैं।

## कभी भी धराशाही हो सकता है ट्रांसफार्मर विद्युत पोल



यही स्थिति विकास पंडरिया के ग्राम पलानसरी की भी है। जानकारी के मुताबिक यहां के कृषक गेंदलाल चन्द्रवंशी के खेत में विद्युत पोल सह ट्रांसफार्मर लगा है। श्री चन्द्रवंशी ने बताया कि विभागीय अनदेखी एवं रखरखाव के आभाव में यह ट्रांसफार्मर विद्युत पोल क्षतिग्रस्त होकर एक तरफ झुक गया है और कभी भी धराशाही हो सकता है। उन्होने बताया कि इस संबंध में वे बीते करीब सात माह से लगातार विभाग के कनिष्ठ से लेकर आला अधिकारियों को अवगत कराते आ रहे हैं। लेकिन अधिकारियों को इतनी फुर्सत नहीं है कि वे कुछ कर्मचारियों को भेजकर इस खस्ताहाल ट्रांसफार्मर विद्युत पोल को दुरूस्थ करा दें। श्री चन्द्रवंशी ने बताया कि खेत में इस तरह की स्थिति होने के कारण किसानो को हमेशा डर रहता है कि कहीं आधी तूफान में ट्रांसफार्मर विद्युत पोल धराशाही न हो जाए। उन्होने बताया कि अगर ऐसा होता है कि तो करंट प्रवाहित तार उनके ही खेतों में गिरेंगे और बड़ी दुर्घटना हो सकती है। लेकिन ऐसा लगता है कि विभाग को इस से कोई सरोकार नहीं है।

## नही बदला जा रहा जला केबल

इसी तरह ग्राम पलानसरी के ही जलेश साहू पिता गोपाल साहू ने बताया कि उनके खेत में लगा केबल तार जल चुका है। जिसे बदलवाने के लिए वे पोंड़ी से लेकर बोड़ला तक विद्युत कार्यालय के दर्जनो बार चक्कर काट चुके है तथा लिखित तथा मौखिक शिकवा शिकायत कर चुके हैं लेकिन आज पर्यंत उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। उन्होने बताया कि खेत में लगा केबल तार जल जाने के कारण वे अपनी फसलों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं जिससे उन्हें भारी परेशानी व नुकसान उठाना पड़ रहा है। वहीं जब इस संबंध में भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी द्वारा द्वारा बोड़ला विद्युत विभाग के उप अभियंता संतोष मांडले से बात की तो श्री मांडले का कहना है कि उन्होने जलेश साहू के नाम से केबल जारी कर दिया है लेकिन पीड़ित किसान का कहना है कि उनके खेत का केबल अभी तक नहीं बदला गया है। ऐसे में सवाल यह भी उठता है कि उप अभियंता ऐसे कैसे किसी के नाम का केबल किसी को भी दे सकते हैं।

# सम्पत्ति विवाद में महिला की हत्या, पांच गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले के तरेगांव जंगल थाना क्षेत्र के ग्राम सोनतरा निवासी एक महिला की सम्पत्ति विवद के चलते गत 17 मार्च को हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में तरेगांव जंगल पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सोनतरा निवासी मृतिका गणेशिया बाई एवं आरोपी बैसाखु धुर्वे के बीच पैतृक भूमि एवं अनाज के बंटवारे को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। पुलिस के अनुसार 17 मार्च की शाम मृतिका अपने खेत की ओर गई थी, जहां आरोपी बैसाखु धुर्वे, विष्णुनाथ धुर्वे और गणेश मरकाम उसे खोजते हुए पहुंचे और संपत्ति बंटवारे को लेकर उससे विवाद करने लगे। बताया जाता है कि विवाद इतना बढ़ा कि विष्णुनाथ धुर्वे ने डंडे से गणेशिया हमला कर दिया, जिससे मृतिका गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद, गणेश मरकाम ने उसकी सांसें जांची और कहा कि वह अभी जीवित है। इस पर आरोपियों ने उसकी हत्या करने का फैसला किया। जिसके बाद बैसाखु धुर्वे ने गमछे से उसके गले को कस दिया जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि हत्या के बाद, शव और अपराध में प्रयुक्त गमछा, डंडा, लकड़ी की बल्ली, रस्सी आदि को छिपाने का प्रयास किया गया। इतना ही नहीं 18 मार्च की रात को पांचों अभियुक्तों ने शव को रस्सी से बांधकर नदी पार ले जाने की कोशिश की, लेकिन रास्ते में किसी के देखने की आशंका के चलते उसे तुलस करायत के खेत में पेड़ के नीचे छोड़ दिया। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद थाना तरेगांव जंगल में मर्ग क्रमांक 03/2021 धारा 174 जाफौ के तहत मामला दर्ज कर जांच की गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होने के बाद धारा 302, 201, 34 भादवि के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। गवाहों के बयान, तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिर की सूचना के आधार पर संदेहियों से पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान सभी आरोपियों ने अपराध स्वीकार किया, जिसके बाद 23 मार्च को पुलिस ने आरोपी बैसाखु धुर्वे पिता बिसंभर धुर्वे, उम्र 62 वर्ष, विष्णुनाथ धुर्वे पिता बैसाखु धुर्वे, उम्र 44 वर्ष, गणेश मरकाम पिता बरेठ मरकाम, उम्र 48 वर्ष, रोहित कुमार धुर्वे पिता मोजीराम धुर्वे, उम्र 31 वर्ष तथा घुनेषराम धुर्वे पिता मोजीराम धुर्वे, उम्र 35 वर्ष सभी निवासी ग्राम सोनतरा, थाना तरेगांव जंगल, जिला कबीरधाम को गिरफ्तार कर लिया।

# हरदिहा मरार पटेल समाज का 24 वां वार्षिक महासभा अधिवेशन 24 व 25 मार्च को

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हरदिहा मरार पटेल समाज का 24 वां वार्षिक महासभा अधिवेशन ग्राम नवागांव हट्हा पारा-सिरमागुड़ा पण्डरिया, जिला-कबीरधाम के पौराणिक स्थल महामाया गढ़ भांवर में दो दिवसीय अधिवेशन 24 मार्च एवं 25 मार्च को आयोजित किया जाएगा। आयोजकों से मिली जानकारी के अनुसार इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाज सेवी भावना बोहरा विधायक पंडरिया उपस्थित रहेंगी। वहीं अध्यक्षता अनिल कुमार पटेल अध्यक्ष हरदिहा मरार (पटेल) महासभा मुंगेली राज करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विशेसर सिंह पटेल अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग, सुरेन्द्र कुमार पटेल अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हरदिहा मरार समाज, रामकुमार पटेल पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ माँ शाकम्भरी बोर्ड, राजेन्द्र चंद्रवंशी अध्यक्ष जिला भाजपा कबीरधाम, रामकुमार भट्ट, दीपा (पप्पू) धुर्वे, राजेश्वरी महेन्द्र कुमार घृतलहरे सदस्य जिला पंचायत, नंदनी राजू साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत पंडरिया, छत्रपाल तिवारी उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पंडरिया, मंजूला देवी कुर्रे अध्यक्ष नगर पालिका पण्डरिया, सुमित तिवारी उपाध्यक्ष नगर पालिका पण्डरिया आदि उपस्थित रहेंगे। आयोजकों द्वारा इस समाजिक आयोजन की अंतिम तैयारियां की जा रही है।

# ग्राम सोढ़ा में संचालित दीपा राइस मिल में लगी भीषण आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶रवेली

जिले के पाण्डातराई थाना क्षेत्र ग्राम सोढ़ा में संचालित एक राईस मिल में बीते शनिवार की शाम अचानक भीषण आग लग गई। आग लगने का कारण सार्ट सार्किट को बताया जा रहा है। घटना के बाद इस अग्नि दुर्घटना की सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन तथा दमकल अमले को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची दो दमकल की मदद से इस आग पर काबू पाया जा सका। वहीं इस अग्नि दुर्घटना में पीड़ित राईस मिल संचालक को लाखों के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पाण्डातराई थाना क्षेत्र के ग्राम सोढ़ा में संचालित होलीराम चंद्रवंशी की दीपा राईस मिल में शनिवार की शाम करीब 6.00 बजे अचानक आग लग गई। बताया जाता है कि सार्ट सर्किट से उठी चिंगारी वहां गिरी जहां बारदाना का स्टाक मौजूद था। बारदाना में गिरी चिंगारी अंदर ही अंदर सुलगी चली गई और फिर भड़क गई। जब तक लोगों को इसकी जानकारी मिलती आग ने बारदाना के स्टाक को अपनी चपेट में ले लिया था। बाद में मिल में मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस तथा दमकल अमले को दी। सूचना पाकर मौके पर दो दमकल भेजे गए। जिसकी मदद से आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक हजारों की संख्या में बारदाना जलकर नष्ट हो चुके थे। मिल संचालक होलीराम चन्द्रवंशी ने बताया कि आग सार्ट सर्किट से लगी थी जिसमें उन्हें लाखों का नुकसान उठाना पड़ गया। माना जा रहा है कि अगर समय रहते इस अग्नि दुर्घटना की भनक नहीं लगती तो नुकसान और भी बड़ा और भयंकर हो सकता था।



# 7 सड़कों के लिए 13 करोड़ 45 लाख रुपए की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में 17 किलो मीटर लंबी 7 नई सड़कों का निर्माण होगा।

इस संबंध में प्रशासनिक जानकारी के मुताबिक इन सड़कों के निर्माण कार्यों के लिए कुल 13 करोड़ 45 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। नई सड़कों में ग्राम मिनमीनिया से मारयाटोला 2 किलोमीटर निर्माण के लिए 1 करोड़ 60 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है।

वहीं रेंगाखार रोड़ से बोदलपानी 3 किलोमीटर सड़क के लिए 2 करोड़ 20 लाख रुपए, ग्राम महली से भलपहरी 3 किमी सड़क निर्माण के लिए 2 करोड़ 50 लाख रुपए, ग्राम अंधरीकछार से खिरसाटोला 2 किमी सड़क निर्माण के लिए 1 करोड़ 50 लाख रुपए, ग्राम बहनाखोदरा मिडिल स्कूल के पास से सुपापानी बॉर्डर तक 3 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए 2 करोड़ 40 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है।

माना जा रहा है कि इन सड़कों कके निर्माण क्षेत्रवासियों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी साथ ही क्षेत्र के विकास तथा व्यापार के रास्ते भी खुलेगे।

**शिविर में आए सैकड़ों दिव्यांग जनो को मिले कृतिक हाथ, पैर, श्रवण यंत्र, व्हील चेयर आदि**

# नगर में आयोजित चार दिवसीय नि:शुल्क दिव्यांग सेवा शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिला मुख्यालय कवर्धा के पीजी कॉलेज परिसर में आयोजित तीन दिवसीय निःशुल्क दिव्यांग सेवा शिविर का समापन 23 मार्च को किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से गौ सेवा आयोग अध्यक्ष विशेसर पटेल, विश्व हिंदू परिषद मध्य क्षेत्र अर्चक पुरोहित प्रमुख चंद्रशेखर वर्मा, प्रदेश के पूर्व संसदीय सचिव मोती राम चंद्रवशी एवं जैन समाज के प्रमुख उपस्थित थे। दीप प्रज्वलन के उपरांत अतिथियों का अभिनंदन कबीरधाम बीजेएस अध्यक्ष सुनील लूनिया, सचिव नयन झाबक, महिला शाखा अध्यक्ष रितु बरडिया, सचिव पूजा बाठिया एवं जोश उत्साह से जुटे बीजेएस के निष्ठावान सदस्यों द्वारा किया गया। स्वास्थ्य समन्वयक सेवा प्रोग्राम छत्तीसगढ़ के समन्वयक डॉक्टर अतुल जैन ने बताया की निःशक्तजनों की लगातार बढ़ती संख्या को देख शिविर को एक दिन बढ़ाकर चार दिवसीय करना पड़ा। उन्होने बताया कि इस सेवा शिविर में तकरीबन 200 हाथ, पैर, 200 श्रवण यंत्र 30 कैलीपर्स दिव्यांगों को लगाए गए। वहीं 175 ट्राई साइकिल, 140 व्हील चेयर के अलावा अच्छी संख्या में बैसाखियाँ एवं स्टिक (छड़ी) वितरित की गई। अनेक निः शक्त भाई बहन परिवार जनों की गोद में आए थे, वे फर्राटे से मंच पर रैंप वॉक करते देखे गए। उनके खिल उठे चेहरे को देखकर लगा कि भारतीय जैन संघटना के सदस्यों की अनवरत दिन-रात की गई मेहनत सफल हुई। जैन समाज कवर्धा से मिले सहयोग के लिए भी डॉक्टर अतुल जैन कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम में जैन श्री संघ कवर्धा अध्यक्ष नेमीचंद श्रीश्रीमाल, लायन प्रेमचंद श्री श्रीमाल, समाजसेवी लोकचंद मुनोत, निर्मलचंद श्रीश्रीमाल, जिला बीजेएस अध्यक्ष सुनील लूनिया, सचिव नयन झावक, महावीर खाटेर, गेन्दमल मोदी, ज्ञानचंद श्री श्रीमाल, रमेश झाबक, विनोद सेठिया, राजा टाटिया, श्रीमती सुशीला श्री श्रीमाल, महिला शाखा सचिव पूजा बाठिया, रश्मि बाफना, लता बोथरा, पुष्पा बोथरा, नंदिता लूनिया, मनीष लुनिया, मीना बोथरा, मोनू बोथरा आदि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।



## मुख्यमंत्री विजय शर्मा सहपरिवार भोरमदेव में की पूजा...



**कवर्धा।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा आज सहपरिवार छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक, पुरातात्विक, धार्मिक एवं आध्यात्मिक स्थल बाबा भोरमदेव मंदिर पहुचे। उन्होंने भोरमदेव बाबा भगवान शिव जी का दर्शन कर मंत्रोच्चारण के साथ विशेष पूजा-अर्चना और रुद्राभिषेक किया तथा प्रदेश की समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की और आशीर्वाद लिया। उन्होंने विशेष हवन पूजन भी किया। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, विदेशी राम धुर्वे, संतोष पटेल सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।